3 बस्तर संभाग
इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2 में कोंडागांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन...

6 अभिमत
एक देश, एक चुनाव : महत्वपूर्ण विचार

10 संस्कारधानी
संस्कारधानी में गणपति के अवतार..

11 छत्तीसगढ़
शासकीय दावा-यहां डेंगू के मरीज नहीं, हकीकत-जशपुर...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 21 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-30 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### आरक्षण नहीं बल्कि प्रलोभन देने वाला है बिलः मायावती



**लखनऊ।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुये बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि यह बिल महिलाओं को आरक्षण देने के इरादे से नहीं लाया गया है बल्कि आगामी चुनाव से पहले महिलाओं को प्रलोभन देने के लिए लाया गया है। मायावती ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में उनकी पार्टी शुरु से है और महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने वाले इस बिल के तत्काल प्रभाव से लागू करने की वकालत करती है मगर सरकार का यह कहना है कि बिल के पारित होने के बाद इसे तुरंत लागू नहीं किया जायेगा।

### भारत और अमेरिकी सेना हिन्द प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के सम्मेलन की मेजबानी करेंगी

**नयी दिल्ली।** भारतीय और अमेरिकी सेना अगले सप्ताह सोमवार से बुधवार तक हिन्द प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के 13 वें सम्मेलन की मेजबानी करेंगी जिसमें 35 देशों के 150 प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिन्द्र कुमार ने बुधवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस सम्मेलन का थीम शांति के लिए एकजुटः हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता है।

## विधायिका में महिला आरक्षण लैंगिक न्याय के क्षेत्र में सबसे बड़ी क्रांति ला सकता है : राष्ट्रपति मुर्मु

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून 'लैंगिक न्याय' (महिलाओं को सशक्त करने) की दिशा में हमारे समय का सबसे बड़ा परिवर्तनकारी क्रांति होगा। मुर्मु ने मानवाधिकारों पर एशिया प्रशांत फोरम की वार्षिक आम बैठक और द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा, हमने स्थानीय निकायों के चुनावों में महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है और एक सुखद संयोग में, राज्य विधानसभाओं, संसद में महिलाओं के लिए इसी प्रकार का आरक्षण देने का प्रस्ताव अब आकार ले रहा हैं। राष्ट्रपति ने इस विधेयक के बारे में कहा, यह हमारे समय में लैंगिक न्याय के लिए सबसे बड़ी परिवर्तनकारी क्रांति होगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने विधायिका में महिला आरक्षण के प्रावधान के लिए नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 के नाम से भारतीय संविधान में 128वें संशोधन विधेयक को लोक सभा में मंगलवार को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी से आग्रह किया कि वे मानवाधिकारों के मुद्दे को अलग-थलग न करें, बल्कि मानव के अविवेक से बुरी तरह आहत मातृ प्रकृति की देखभाल के बारे में भी उतना ही ध्यान दें। उन्होंने कहा, भारत में हम यह मानते हैं कि ब्रह्मांड का प्रत्येक कण दिव्यता की अभिव्यक्ति है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हमें प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने प्रेम को फिर से जगाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत मानवाधिकारों में सुधार के लिए दुनिया के अन्य भागों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेने के लिए तैयार है, जो एक मौजूदा परियोजना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया भर के मानवाधिकार संस्थानों और हितधारकों के साथ विचार-विमर्श और परामर्श के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहमति विकसित करने में एशिया प्रशांत क्षेत्र फोरम को बड़ी भूमिका निभानी है।

## महिला आरक्षण विधेयक को जल्द लागू किया जाए : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा इसके रास्ते की सभी रुकावटों को दूर करते हुए जल्दी से जल्दी लागू करने की माँग की। सोनिया गांधी ने संविधान (128 वाँ संशोधन) विधेयक 2023 चर्चा की शुरुआत में अपने पति और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि खुद उनकी जिंदगी का यह बहुत मार्मिक क्षण है। पहली दफा स्थानीय निकायों में स्त्री की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन उनके जीवन साथी राजीव गांधी ही लाए थे, जो राज्यसभा में सात वोटों से गिर गया था। बाद में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने ही पारित कराया। आज उसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों के जरिए हमारे पास 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव गांधी का सपना अभी तक आधा ही पूरा हुआ है। इस विधेयक के पारित होने के साथ ही वह पूरा होगा। उन्होंने कहा कि धुएं से भरी हुई रसोई से लेकर रोशनी से जगमगाते स्टेडियम तक भारत की स्त्री का सफर बहुत लंबा है लेकिन आखिरकार उसने मंजिल को छू लिया है।

## पीएससी में धांधली, कांग्रेस सरकार ने युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने का काम किया : रघुवर दास

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे और बेमेतरा विधानसभा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बघेल बैंक चल रहा है और इस बैंक में पैसा जनता जमा नहीं करती बल्कि कोयला, शराब का सिंडिकेट चलाने वाले लोग जमा करते हैं और 50 प्रतिशत कमीशन लेकर यह पैसा दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में भेज दिया जाता है। रघुवर दास ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं शहीद वीर नारायण सिंह जी, शहीद गुंडाधर की धरती पर आया हूं। छत्तीसगढ़ की पहचान सरल, सादगी, ईमानदार और अपने मानवीय मूल्यों की विरासत के रूप में है इसी वजह से छत्तीसगढ़िया को सबसे बढ़िया कहा जाता है लेकिन इन 5 वर्षों में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने इनको कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सिंडिकेट बनाकर शराब, कोयला एवं बिचौलिए लोग राज्य की नीति निर्धारण कर रहे हैं यहां पर कमीशन के आधार पर ठेका दिया जाता है आज 2000 करोड़ का शराब घोटाला हुआ है जिसमें सरकार के बड़े अधिकारी जेल में है। छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला जिससे राज्य का राजस्व बढ़ता प्रदेश का खजाना भरता परंतु कोयले का अवैध धंधा चलाकर यह पैसा भूपेश बघेल बैंक के खाते में भेजा गया। आज माइनिंग सेक्रेटरी जेल में है। तीन-तीन आईएएस जेल में है और मुख्यमंत्री के ओएसडी भी जेल में है ऐसी सरकार के खिलाफ जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि प्रदेश में पीएससी में जो नियुक्ति की गई उसमें भी धांधली हुई है अपने रिश्तेदारों को बड़े पदों पर बैठा दिया गया । प्रदेश के नौजवानों के साथ भी धोखा किया गया है। युवा शक्ति जो किसी भी देश की बहुत बड़ी ताकत होती है राज्य की ग्रोथ बढ़ाने में इनका बहुत बड़ा योगदान होता है ऐसी युवा शक्ति को सट्टा चलाने वाले एक एप महादेव एप में धकेलकर युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने का काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में ड्रग्स, नशे का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। वोट बैंक के लालच में लव जिहाद चलाया जा रहा है। बेमेतरा जिले के ही एक साहू परिवार के युवक की हत्या कर दी गई और उसे न्याय नहीं मिला।

## बैंक में लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायगढ़ जिले में हथियारों से लैस नकाबपोश धारी युवकों के द्वारा लूट किए गए सात करोड रुपए एवं बैंक मैनेजर को चाकू से गोद कर घायल करने का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस की सक्रियता के कारण रामानुजगंज में नगद रुपए एवं सोने के साथ आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं। उक्त घटना घटित होने के बाद रायगढ़ जिले से जुड़े हुए सभी सरहद क्षेत्र में आरोपियों की तलाश के लिए पूरी तरीका से पुलिस के द्वारा जाल बिछा दिया गया था। इसी कड़ी में रामानुजगंज पुलिस सभी आने-जाने वाले गाड़ियों की जांच पड़ताल कर रही थी बीते रात्रि 1:00 बजे के लगभग इसी दौरान एक ट्रक में जब जांच पड़ताल शुरू की गई तो आरोपियों के पास से नगद रुपए के साथ सोने भी बरामद किए गए। लूट की रकम को लेकर उक्त आरोपि झारखंड बिहार भगाने के प्रयास में थे।

## महिला समूहों और महिलाओं को एक दिन में सर्वाधिक राशि का अंतरण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




### सीएम भूपेश 'महिला समृद्धि सम्मेलन' में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भिलाई के सेक्टर-06 स्थित जयंती स्टेडियम में दोपहर 1 बजे 'महिला समृद्धि सम्मेलन' में शामिल होंगे। प्रियंका गांधी इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

महिला सम्मेलन, छत्तीसगढ़ की महिलाओं और महिला समूहों के स्वावलंबन का ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। इस अवसर पर 1010 महिला समूहों को महिला कोष की ऋण योजना से और 285 महिलाओं को सक्षम योजना से 12 करोड़ 01 लाख रूपए का ऋण आरटीजीएस के माध्यम से सीधे खाते में अंतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कार्यक्रम में महिला समूहों और महिलाओं को चेक वितरण के पश्चात सभी जिलों में राशि अंतरण किया जाएगा। गौरतलब है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2003 में महिला कोष का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य बनने के बाद महिला कोष के माध्यम से एक ही दिन में जारी यह सबसे बड़ी ऋण राशि है, जो कि जारी पिछली वार्षिक राशियों से भी अधिक है। अंतरित की जाने वाली राशि में प्रमुख रूप से दुर्ग जिले में 2.91 करोड़, रायपुर जिले में 1.54 करोड़ व महासमुंद जिले में 95 लाख से अधिक की राशि तथा इसी प्रकार अन्य जिलों के हितग्राहियों को राशि दी जाएगी। इस राशि का उपयोग कर महिला समूह और हितग्राही किराना दुकान, फल, सब्जी, खेती-किसानी, ब्यूटीशियन,चना-मुर्रा उत्पादन, होटल व्यवसाय, बड़ी-पापड़ निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, मशरूम उत्पादन जैसे कई काम शुरू कर सकेंगे।





**भिलाई-3।** राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर द्वारा प्रकाशित एक महत्वपूर्ण संकलन समृद्ध किसान-समृद्ध छत्तीसगढ़ का विमोचन मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल ने किया। पायनियर के इस महत्वपूर्ण संकलन में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। साथ ही कृषि विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों को अंकित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर, ओएसडी आशीष वर्मा, निज सहायक के के चंद्रवंशी, पायनियर हिन्दी के दुर्ग ब्यूरो प्रमुख संजय श्रीवास्तव, संतोष महाराणा, सुनील जैन (कार्यपालन अभियंता), अश्वनी चंद्राकर (निगम सचिव), अजय त्रिपाठी आयुक्त नगरपालिक निगम भिलाई चरौदा, सुजीत बघेल (कांग्रेस प्रदेश सचिव) समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# पीएससी घोटाले पर उच्च न्यायालय का निर्णय राज्य सरकार के गाल पर एक जोरदार तमाचा : अरूण साव

## पीएससी घोटाले पर उच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रदेश सरकार शर्म महसूस करे

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पीएससी घोटाले पर उच्च न्यायालय के निर्णय को राज्य सरकार के गाल पर एक जोरदार तमाचा बताया है और इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच कराने की मांग की है। साव ने कहा कि प्रदेश के युवा और भाजपा लगातार इस घोटाले को लेकर आवाज उठा रही थी, लेकिन राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार ने इस पर जाँच के आदेश नहीं दिए। परंतु अब न्यायालय के निर्णय के बाद यह सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। वैसे भी प्रदेश के लाखों युवा इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ने का संकल्प ले चुके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि वर्ष 2021 की लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के परिणाम में मेरिट में आने वाले प्रतिभागियों में से ज्यादातर अधिकारी और कांग्रेस नेताओं के सगे-संबंधी थे। इस मामले में भाजपा ने जोर-शोर से आंदोलन भी चलाया था। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री ननकीराम कँवर की याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने माना है कि पीएससी के आज सेवानिवृत्त हुए अध्यक्ष टामन सोनवानी के पुत्र, उनकी पुत्रवधु, भतीजे, भाई-बहू, भांजी का चयन हुआ है।इसी प्रकार अधिकारियों के बेटे-बेटियों व कांग्रेस नेताओं के सगे-संबंधियों का चयन बड़ी संख्या में किया गया है।श्री साव ने कहा कि इस भाई-भतीजावाद के कारण प्रदेश के मेहनती और योग्य उम्मीदवारों का चयन नहीं हो पाया। उच्च न्यायालय ने कँवर की शिकायत को सही पाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि पीएससी घोटाले पर उच्च न्यायालय का जो फैसला आया है, उससे प्रदेश सरकार को शर्म महसूस करनी चाहिए। प्रदेश के युवा और भाजपा शुरू से पीएससी की भर्ती में घोटाले और इसमें भाई-भतीजावाद होने को लेकर लगातार प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहे थे लेकिन हमेशा की तरह प्रदेश की भूपेश सरकार घोटालेबाजों की संरक्षक बनी नजर आ रही थी और इस मामले में किसी तरह की जाँच के आदेश नहीं दे रही थी। साव ने कहा कि अब उच्च न्यायालय ने इस विषय पर संज्ञान लिया है, जो यह बताने के लिए पर्याप्त है कि किस तरह पीएससी में भाई-भतीजावाद चलाकर घोटाले किए गए हैं! ऐसी सरकार, जो पीएससी की भर्ती में घोटाला करे, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करे, को एक क्षण भी सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि यह लोक सेवा आयोग की पहली और आखिरी गलती नहीं है। पिछले साल की तरह इस साल के परिणामों के बाद लोक सेवा आयोग ने उम्मीदवारों की उत्तरपुस्तिकाओं को ऑनलाइन जारी किया है। इसके बाद उम्मीदवारों के साथ हुए अन्याय का पर्दाफाश हुआ है। जिन उम्मीदवारों ने गलत उत्तर लिखे हैं, उन्हें पूरे अंक दिए गए हैं और जिन्होंने सही उत्तर लिखे हैं, उन्हें कम अंक दिए गए हैं।यहाँ तक कि पूरा पेज कोरा छोड़ने वाले को भी पूरे अंक दिए गए हैं।

## पीएससी के नतीजों पर सवाल भाजपा की स्तरहीन राजनीति : सुशील शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि मुद्दाविहीन भारतीय जनता पार्टी विशेष तौर पर इस प्रदेश के 15 साल तक मुख्यमंत्री रहा व्यक्ति राज्य लोकसेवा आयोग की चयनित सूची पर सवाल खड़ा कर रहा है। दुर्भाग्य से भाजपा अपनी निम्नस्तरीय राजनीति के लिये इन बच्चों की योग्यता पर सवाल खड़ा कर रही हम इसकी कड़ी निंदा भी करते है। भारतीय जनता पार्टी और डॉ. रमन सिंह बेहद ही गैर जिम्मेदाराना आरोप लगा रहे कि पीएससी में, नेताओं, अधिकारियों, व्यवसायियों के बच्चों के कुछ नाम चयनित हो गये है। रमन सिंह और भाजपा को आपत्ति है कि पीएससी में सगे भाई-बहन, पति-पत्नी का चयन कैसे हो गया? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के पीएससी के नतीजों पर सवाल खड़ा करने का कोई भी तार्किक आधार नहीं है क्यों और कैसे पर सवाल खड़ा करके भाजपा प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख लगाने वाली संस्था राज्य लोक सेवा आयोग की विश्वसनीयता को संदिग्ध बना कर युवाओं की भावनाओं पर ठेस पहुंचा रहे है। भाजपा को आपत्ति है कि कैसे सगे भाई-बहन, पति-पत्नी, अधिकारियों के बच्चें चयनित हो गये? जबकि पीएससी के हर साल की चयन सूची में पराया रिश्तेदार, अधिकारियों के रिश्तेदार, नेताओं के भी रिश्तेदारों के चयन होते है। कांग्रेस ने 15 सालों में भाजपा शासन काल की सूची भी जारी किया था, किसी रिश्तेदार होना अयोग्यता नहीं हो जाती। भाजपा अपनी गंदी राजनीति करने स्तरहीन और झूठे आरोप लगा रही है। आंसर शीट जारी हो गया है पब्लिक डोमेन में है। सबके रिटेन के नंबर और इंटरव्यू के नंबर ओपेन है कोई भी पढ़ा लिखा व्यक्ति विश्लेषण कर सकता है। लेकिन दुर्भाग्य है लोग अपने राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने मेहनती प्रतिभावन बच्चों की योग्यता पर सवाल खड़ा कर रहे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह अपने पन्द्रह साल के कार्यकाल में पीएससी की बिना विवाद के पन्द्रह परीक्षाएं आयोजित नही करवा पाये वो आज कौन से मुंह से युवाओं के भविष्य की बात करते है? रमन सिंह के पिछले डेढ़ दशक के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल भ्रष्टाचार और अनियमितता का अड्डा बन चुका था। प्रदेश की जनता अभी भूली नही है पीएमटी परीक्षा के प्रश्न पत्र रमन राज में 2011 में बाजारों में बिके थे। भाजपा का नेता मुंगेली में पीएमटी परीक्षा में सामूहिक नकल करवाते पकड़ाया था। देश के किसी भी व्यवसायिक परीक्षा मंडल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही परीक्षा को एक वर्ष में चार बार करने की नौबत आयी हो। छत्तीसगढ़ में तो तीन बार परीक्षायें उसी परीक्षा नियंत्रक के देख-रेख में आयोजित की गयी जो प्रथम दृष्ट्या दो बार परीक्षा की गड़बड़ी के लिये दोषी था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पीएससी भर्ती को बाधित करने भारतीय जनता पार्टी के नेता नित नए षड्यंत्र रच रहे हैं। उच्च न्यायालय बिलासपुर में सुनवाई के दौरान याचिका में झूठे तथ्य प्रस्तुत करने का मामला उजागर होने पर उच्च न्यायालय ने न केवल नाराजगी जताई बल्कि याचिकाकर्ता द्वारा पेश की गई तथ्यों की सत्यता की जांच के लिए निर्देश दिए। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को निर्देशित किया है कि अपनी याचिका में जरूरी संशोधन कर पेश करें।

## ट्रांसफर उद्योग से निकले पुलिस प्रोडक्ट कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय अपनी कीमत वसूलने में लगे हैं : चौधरी

### रायगढ़ में दिन-दहाड़े 7 करोड़ रुपए की डकैती शर्मनाक परिणति



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ के ऐक्सिस बैंक में मंगलवार को हुई 7 करोड़ रुपए की डकैती को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ट्रांसफर उद्योग से निकले पुलिस प्रोडक्ट कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय अपनी कीमत वसूलने में लगे हैं और उन्होंने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया है। चौधरी ने कहा कि प्रदेश में चहुँओर अपराधियों-आतंकवादियों-माफ़ियाओं का जंगलराज चल रहा है और प्रदेश में किसी अपराधी को कानून का खौफ नहीं रह गया है। दिनदहाड़े अंजाम दी गई डकैती की इस वारदात ने प्रदेश सरकार के कानून-व्यवस्था की बेहतरी के तमाम दावों का खोखलापन एक बार फिर सामने ला दी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार सभी विभागों में 'तबादला उद्योग' चला रही है। पैसे लेकर पोस्टिंग की जा रही है। पुलिस महकमे में भी यही चल रहा है। इसी कारण पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा चुकी है। आज सत्ता से चला-चली की बेला में कांग्रेस के लोग पूरी तरह लूट-खसोट में लगे हुए हैं। रायगढ़ में दिन-दहाड़े 7 करोड़ रुपए की डकैती की वारदात इसी 'तबादला उद्योग' की गंभीर और शर्मनाक परिणति है। चौधरी ने कहा कि इस तरह की आपराधिक वारदातें छत्तीसगढ़ में अंजाम दी जा रही हैं और पैसे देकर मनमाफ़िक पोस्टिंग पाने वाले पुलिस महकमे के अधिकारी-कर्मचारी अपनी कीमत वसूलने में इस कदर मशगूल हैं कि पूरा छत्तीसगढ़ आज अपराधगढ़ बनकर रह गया है। छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ऐसी नाकारा और भ्रष्ट सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में कतई माफ नहीं करेगी।

# छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन भूपेश सरकार में खुले हैं न्याय और समृद्धि के द्वार

## कांग्रेस राज में महिलायें ज्यादा सुरक्षित हुई है

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने महिला समृद्धि और स्वाभीमान के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 साल के कुशासन में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध चरम पर थे, हर गांव में एक महिला को ग्राम प्रहरी बनाने का वादा 2003 में किया था, सरकार में रहते ठगते रहे, एक भी नहीं बनाए, कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों में 68 प्रतिशत की कमी आई, कांग्रेस राज में महिलायें ज्यादा सुरक्षित है, दूसरी ओर भूपेश सरकार ने पहले दिन से ही महिलाओं के हित में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। भूपेश सरकार में आंगनवाड़ी सहायिका, कार्यकर्ताओं का मानदेय लगभग दुगना हो गया है, रसोइयों के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भूपेश सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सहायता राशि 25 हजार से बढ़कर 50 हजार किया गया। महिला समूहों के 12 करोड़ 70 लाख की ऋण माफी की गई। 85 हजार से ज्यादा महिलाओं को गोठानो में महिला समुह के माध्यम से जोड़कर आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलें हैं। 50 हजार से अधिक महिलाओं को वनोपज प्रसंस्करण से जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 2 लाख 54 हजार स्व सहायता समूह से करीब 27 लाख महिलाएं स्वरोजगार प्राप्त कर रही हैं। महिला हितैसी होने का ढोंग करने वाले भाजपाई छत्तीसगढ़ में 15 साल सरकार में रहने के दौरान केवल वादा खिलाफी करते रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि 15 साल रमन राज में छत्तीसगढ़ की बहन बेटियां कुपोषण एनीमिया और मलेरिया जैसी बीमारियों से जूझती रही, रमन सरकार केवल कमीशन खोरी में मस्ती थी, भूपेश सरकार आने के बाद पिछले साढ़े साल में छत्तीसगढ़ में कुपोषण, एनीमिया के आंकड़ों में लगातार कमी आई है मलेरिया का संक्रमण दर चार गुना कम हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्धि में छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति का बड़ा योगदान भूपेश सरकार आने के बाद संभव हो सका है। महिलाओं को बेहतर अवसर मिले हैं जिसका सुखद परिणाम है की अर्थव्यवस्था के तीनों सेक्टर कृषि, सेवा और उत्पादन में छत्तीसगढ़ का औसत राष्ट्रीय औसत से अधिक है। महिला सुरक्षा, समृद्धि और स्वाभिमान भूपेश सरकार की प्राथमिकता है और उसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ ने समृद्धि, सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किया है।

# एमसीबी प्रेस क्लब ने किया मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत



पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

एमसीबी जिला अंतर्गत भरतपुर के हरचौका में श्री राम वाटिका एवं अधोसंरचना मद से विकास कार्यों का लोकार्पण करने सीतामढ़ी हरचौका पहुंचे प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एमसीबी प्रेस क्लब के द्वारा शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। बता दें कि मुख्यमंत्री के द्वारा एमसीबी जिले में पत्रकार भवन हेतु 15 लाख रूपए की राशि पूर्व में मंजूर की गई है जिससे जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत चैनपुर में भवन का कार्य प्रगति पर है। पत्रकार भवन के लिए राशि स्वीकृत किए जाने पर आह्लादित एमसीबी प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा हरचौका पहुंचे मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। स्वागत से गदगद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हितों और अधिकारों के लिए सदैव समर्पित रहकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष रंजीत सिंह, राजीव वर्मा, रमन सिंह, श्रीकांत शुक्ला, सरवर अली, रामचरित द्विवेदी, राजा मिश्रा, धीरेंद्र विश्वकर्मा, सतीश गुप्ता, दिनेश द्विवेदी, अभिजीत मुखर्जी, भीमसेन गुप्ता, अरूण श्रीवास्तव, सुनील सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, नूर मोहम्मद, दुलाल डे, देवेंद्र पांडेय, शराफ्त अली, श्रीरामबरनवाल, द्रोणाचार्य दुबे, भरत मिश्रा, शकील अंसारी, सुरेश मिनोचा, सुजीत शाह, महेश साहू, शुद्धूलाल वर्मा, इश्नू यादव, लक्की शाह आदि उपस्थित रहे।

# सरकार के जितने करीबी अधिकारी हैं या तो वे जेल में हैं या बेल में हैं : डॉ. रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मेरे खिलाफ कांग्रेस की फर्जी एफआईआर को खारिज करने तथा सभी मामले समाप्त करने का फैसला दिया है। यह छत्तीसगढ़ के हालात हैं। यह सरकार अपराधी चला रहे हैं। सरकार के जितने करीबी अधिकारी हैं या तो वे जेल में हैं या बेल में हैं। कोल घोटाला में इनके वरिष्ठ अधिकारी 7 माह से जेल में हैं। मुख्यमंत्री के सलाहकार करोड़ों अरबों के सट्टे के मामले में जांच के दायरे में हैं।खुद मुख्यमंत्री बेल पर हैं। यह अपराधियों की सरकार है। यह एफआईआर का उपयोग हथियार की तरह करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दरअसल बात शुरू होती है मेरे सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट को लेकर। वह जो पोस्ट था, उसमें मैंने कोरोना संकट के समय कांग्रेस की राजनीति पर पोस्ट किया था कि कांग्रेस की बिलो द बेल्ट राजनीति देखकर शर्म आती है विदेशी मीडिया में देश को बदनाम करने कांग्रेस कुम्भ का दुष्प्रचार व जलती लाशों की फोटो दिखाने का षड्यंत्र कर रही है। कांग्रेस महामारी के साथ लड़ने के बजाए लोगों को आपस में लड़ा रही है। विदेशी मीडिया में मोदी सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र कांग्रेस ने किया था, उसे एक्सपोज करने का काम मैंने किया था। हमारे साथी संबित पात्रा और मेरे खिलाफ कांग्रेस के लोगों ने एफआईआर की। यह उनकी मानसिकता है। उनके काले कारनामे के खिलाफ कोई कुछ भी बोले तो एफआईआर दर्ज करके अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का प्रयास करते हैं। यह सारे मामले जब न्यायालय तक पहुंचाते हैं तो क्या हश्र होता है? एक बार फिर कांग्रेस के काले कारनामे के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। न्यायालय ने फर्जी एफआईआर को निरस्त कर दिया। यह बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। यह एक सबक है। कोई सरकार सत्ता का किस प्रकार दुरुपयोग करने के लिए विरोधियों को दबाने का षड्यंत्र करती है, इसका इससे बड़ा उदाहरण कोई और नहीं होगा। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दूसरा फैसला पीएससी के मामले में है। हाई कोर्ट ने न केवल कांग्रेस सरकार को फटकार लगाई बल्कि पीएससी अध्यक्ष के रिश्तेदारों की नियुक्ति पर रोक लगा दी। पीएससी पारदर्शी प्रक्रिया में असफल रही है। छत्तीसगढ़ के लाखों युवाओं के भविष्य की बात है। आज स्पष्ट रूप से न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त की। सरकार ने भ्रष्टाचार में पीएससी को भी नहीं छोड़ा। पैसों से पैसों का लेनदेन किया गया। अधिकारियों का षड्यंत्र रहा। आश्चर्य होता है कि पीएससी अध्यक्ष के कई सारे रिश्तेदार का चयन डिप्टी कलेक्टर डीएसपी के पद पर होता है। यह छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाला कारनामा है। लाखों युवाओं के मन में संतोष हुआ होगा। आज न्यायालय ने साफकर दिया कि इस तरह की प्रक्रिया नहीं चल सकती।

## वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी

# हाथी दांत तथा पेंगोलिन शल्क की तस्करी में 4 आरोपियों को जेल

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशन में विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी है। इस तारतम्य में विगत दिवस 17 सितम्बर को वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत वन अपराध के दो अलग-अलग प्रकरणों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इनमें वन्य प्राणी हाथी दांत तथा पेंगोलिन शल्क की तस्करी से संबंधित मामले हैं। उक्त कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में गठित वन विभाग की टीम द्वारा तत्परता पूर्वक की गई। वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ एल.एन. पटेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत् दिवस वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत वन्यप्राणी हांथी दांत एवं पेंगोलिन शल्क की तस्करी से संबंधित वन अपराध में कठौतिया-घुटरा रोड़ रेल्वे फाटक के समीप राजकुमार आत्मज शिव प्रसाद यादव उम्र 35 वर्ष भेलवांडांडपारा, सोनहत जिला-कोरिया ( एवं दुबराज आत्मज बाल सिंह गोंड़ उम्र 36 वर्ष सा. भेलवाडांड़पारा, सोनहत जिला-कोरिया से मोटर साइकल में हाथी दांत 02 नग वजन 1.400 कि.ग्रा. की तस्करी में पकड़ा गया।

इसी तरह बृजनंदन जायसवाल आत्मज भगवान जायसवाल उम्र 45 वर्ष सा. मोहली, चांदनी बिहारपुर जिला-सूरजपुर एवं राधेलाल आत्मज बुद्धूराम अगरिया उम्र 40 सा. मोहरसोप, चांदनी बिहारपुर जिला-सूरजपुर से छतरंग के पास जंगल में टाटा सूमो गोल्ड वाहन में पेंगोलिन शल्क वजन 1.040 कि.ग्रा. जब्त किया गया। सभी 04 आरोपियों के विरूद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत् वन अपराध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

# छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम के अधीन जिला स्तर पर निर्धारण बोर्ड का गठन

**रायपुर।** राज्य शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम के अधीन जिला स्तर पर निर्धारण बोर्ड का गठन किया गया है। समाज कल्याण विभाग के सचिव के द्वारा जारी आदेशानुसार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 38 की उपधारा 2 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम 2023 के नियम 34(2) के अधीन राज्य में ऐसे दिव्यांग जो अधिक सहारे की आवश्यकता वाले हों, ऐसे विशेष प्रकरणों की प्रकृति को प्रमाणित करने के लिए जिला स्तर पर निर्धारण बोर्ड का गठन किया गया है। प्रकरण का निराकरण 60 दिवस के भीतर किया जाना होगा। निर्धारण बोर्ड में कलेक्टर या प्रतिनिधि(अतिरिक्त/संयुक्त कलेक्टर से अन्यून) को अध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सदस्य, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त/उपसंचालक को सदस्य/सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता अथवा मनोवैज्ञानिक को सदस्य नियुक्त किया गया है। उक्त प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी। जारी आदेशानुसार अधिक सहारे की आवश्यकता वाले निःशक्त व्यक्तियों के लिए जो सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। वह निर्धारण बोर्ड की अनुशंसा के आधार पर ही प्रदान किया जाए। वित्तीय एवं अन्य संसाधानों की उपलब्धता के आधार पर संयुक्त/उपसंचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण अधिक सहारे की आवश्यकता वाले निःशक्त व्यक्तियों के लिए सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

# राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मण्डल की बैठक 21 सितम्बर से

**रायपुर।** राज्य शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा 23 वीं राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल की दो दिवसीय बैठक कल 21 सितम्बर से शुरू हो रही है। यह बैठक नवा रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन, के सभागृह में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। बैठक की अध्यक्षता खनिज साधन विभाग के विशेष सचिव जय प्रकाश मौर्य करेंगे। खनिज साधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल की इस बैठक में राज्य एवं केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों एवं तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश में वर्ष 2022-23 में खनिजों की खोज के लिए किये गये कार्यों पर चर्चा की जायेगी और वर्ष 2023-24 में प्रदेश में खनिजों की खोज के लिए इन संस्थानों के प्रस्तावित कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जायेगा। इस बैठक में भारत सरकार के भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, परमाणु खनिज अनुसंधान विभाग, सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिज़ाइन इस्टीट्यूट सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट फॉर माइनिंग एण्ड फ्यूल रिसर्च, मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड, भारतीय खान ब्यूरो, केन्द्रीय भू-जल सर्वेक्षण विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

# इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2 में कोंडागांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की तैयारी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निदेर्शो के परिपालन में कोंडागांव नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य उद्देश्यों में से एक हैं मोहन मरकाम कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किए गए बांधा तालाब की सफाई और स्वच्छता रैली का आयोजन, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, वीके ठाकुर, एसडीएम कोंडागांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर, सहायक अभियंता विजय मेहरा, उप अभियंता देवेंद्र सिंह सिदार, गिरिजा शंकर परते और जिला समन्वयक रिया तिवारी, स्वच्छता ब्रैंड एंबेसेडर सुब्रत साहा, सुरज कुमार यादव, उमेश साहू और अन्य अधिकारी कर्मचारी ने भाग लिया।

इस आयोजन के दौरान माननीय मंत्री ने बताया कि, पिछले वर्ष कोंडागांव नगर को इंडियन स्वच्छता लीग हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुआ था और इस वर्ष भी वे इस सम्मान को फिर से कोंडागांव शहर के नाम करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही, वे लोगों से घर के आस-पास की सफाई को बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों में सफाई बनाए रखने में सहयोग करने की भी अपील करते हैं। इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2 के अंतर्गत, 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके तहत 15 से 17 सितंबर तक इंडियन स्वच्छता लीग के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का भी आयोजन होगा, जैसे कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और अन्य गतिविधियां। इस पखवाड़े का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वच्छता कार्यकर्ताओं को समर्थन और प्रोत्साहित करना है। यह स्वच्छता पखवाड़ा समस्त नगरी निकायों में स्वच्छता दिवस, जो 2 अक्टूबर को मनाया जाता हैं, तक मनाया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से सरकार स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प ले रही हैं और लोगों से अपील कर रही हैं कि, वे अपने घरों के आस-पास की सफाई का ध्यान रखें और सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ और हवादार बनाए रखें। इसके साथ ही यह आयोजन स्वच्छता कार्यकर्ताओं को स्थानीय स्तर पर सहयोग और समर्थन प्रदान करने का भी अवसर प्रदान करेगा। इस प्रयास के माध्यम से कोंडागांव नगर पालिका परिषद क्षेत्र ने स्वच्छता में अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रमोट किया हैं और वे इंडियन स्वच्छता लीग के इस सीजन में भी श्रेष्ठता की ओर अग्रसर होने का प्रयास कर रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने आधी रात को अचानक किया थाने का निरीक्षण



**कोंडागांव।** पुलिस अधीक्षक ने रात के अचानक थाने का निरीक्षण किया और उनके साथ सभी कर्मचारी मौजूद रहें। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संदिग्धों और वाहनों की जांच के तरीके का वर्णन किया और रात के समय छोटे वाहनों के साथ यात्री बसों की जांच करने के निर्देश दिए। यह निरीक्षण त्योहारी सीजन के दौरान 20 सितंबर 2023 को रात 12.30 बजे किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मचारियों के हालचाल पूछे और गश्त और चेकिंग के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए छोटे वाहनों के साथ साथ रात्रि के समय यात्री बसों की भी जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को इकट्ठा किया और शहर के बाहरी किरायेदारों और होटल लॉज के साथ-साथ मुसाफिरों की जांच करने और गश्त के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस रात्रि कालीन आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ कोंडागांव के वाय अक्षय कुमार के साथ सायबर सेल के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहें। इस निरीक्षण के दौरान सुरक्षितता के मामले पर भी ध्यान दिया गया और सुरक्षितता को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। पुलिस अधीक्षक के इस निरीक्षण ने शहर की सुरक्षा और गश्त की व्यवस्था को मजबूती से दरकिनार किया हैं। उन्होंने अपने निर्देशों के माध्यम से सुरक्षा के मामले में सकारात्मक कदम उठाने का संकेत दिया हैं और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता बनाया हैं। इस निरीक्षण के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस बल के कर्मचारियों के साथ साथ सायबर सेल के अधिकारियों को भी सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया हैं और सुरक्षितता के मामले में सहयोग करने का संदेश दिया है।

# परिवर्तन यात्रा नहीं, पश्चाताप यात्रा निकाले भाजपा के नेता : गीतेश गांधी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के महामंत्री और पीसीसी मीडिया पैनलिस्ट गीतेश गाँधी ने भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा के नाम पर दिए गए दावों को खोलते हुए कहा कि, इसके बजाय भाजपा के नेताओं को पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए। वह इस परिवर्तन के नाम के पीछे के झूठ को उजागर करते हुए बोले की छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार 15 वर्षो तक भाजपा को मौका दिया, लेकिन रमन सिंह की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा दिया है। गाँधी ने कहा, अब छत्तीसगढ़ की खुशहाल जनता राज्य में परिवर्तन नहीं चाहती है और चीख चीख कर कह रही है, भूपेश है तो भरोसा है, और बदलाव की दिशा में आगे बढ़ो, लेकिन दिल्ली में बैठे मोदी सरकार ला बदलने के है बारीश के नारों के साथ गुंजायमान कर रही है। गाँधी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के लिए भी कठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती और उन्हें परिवर्तन यात्रा में आकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। वह कहते हैं, आज भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की छवि जनता से छल करने वालों और झूमलेबाजों के रूप में हो चुकी हैं। अरुण साव भले ही स्वीकार करें या न करें, जनता के रिपोर्ट कार्ड में और गूगल में सब कुछ दर्ज है। अरूण साव गूगल में सिर्फ झूठा या झूमलेबाज लिखकर तस्दीक कर ले, झूठा, भ्रम, गलत बयानबाजी और वादाखिलाफी का रिकॉर्ड भाजपा का है। गाँधी ने रमन सिंह की 15 साल की सरकार के दौरान किए गए कई वादों का स्पष्टीकरण किया, और कहा किसानों को धान का समर्थन मूल्य और बोनस नहीं दिए जाने का आरोप, युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करने का आरोप और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को उनकी जल-जंगल-जमीन के अधिकार से वंचित करने का आरोप। वह इसे बताते हैं कि, 2003 में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक आदिवासी परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन 15 साल के सरकार में रहते रहते रमन सिंह को यह वादा निभाने का मौका नहीं मिला। गाँधी ने जोर दिया कि, छत्तीसगढ़ में अब भूपेश बघेल की सरकार ने जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने में सफलता पाई हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गांधी ने आगे कहा कि, भूपेश सरकार ने तो वादे से ज्यादा करके दिखाया हैं। रमन राज में जो 3 हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए थे, उन्हें भूपेश सरकार ने पुनः शुरू कराया है। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता युक्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना की गई है, भूमिहीन कृषि श्रमिकों के लिए न्याय योजना के तहत 7 हजार रुपये प्रति वर्ष और बेरोजगारी भत्ता ढाई हजार रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। वह जोड़ते हैं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 5 वर्ष के कार्यकाल ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल को शून्य साबित किया हैं और जिस प्रकार से छग की भूपेश बघेल के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार ने छग की जनता की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्य किए हैं, उसको परिलक्षित करते हुए छग की जनता ने फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

# गणेश उत्सव की धूम, जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com





ब्लाक मुख्यालय सहित पूरे अंचल में मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणपति बप्पा के भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।नव युवक गणेश समिति पखांजूर में सुबह से भक्तगण मूर्ति निर्माण स्थलों पर अपनी सुविधा अनुसार दो पहिया, चार पहिया वाहन से भगवान गणेश की प्रतिमा ले जाने गाजे बाजे के साथ पहुँच गए थे। स्टाफ कालोनी के नव युवक गणेश पूजा समिति पखांजूर निवासी अध्यक्ष बांटी ठाकुर ने बताया इस वर्ष पूरे दिन भक्तिमय माहौल रहता है। वहीं रघुनाथ दास, अमित घोष, अजय दे ने बताया कि स्टाफ कालोनी नव युवक गणेश पूजा समिति में गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त में इस वर्ष5 मूर्ति स्थापित की गई है। एक मूर्ति युवा गणेशोत्स्व समिति रंगमंच में और चार मुर्तियां महाराज से विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर अपने अपने घरों में स्थापित किये हैं। भक्त श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की ।अब पुरा मोहल्ले सभी घरों में 10 दिनों तक गणपति बप्पा की गुंज सुनाई देगी । खास कर छोटे बच्चों में गणपति बप्पा की उत्सव को लेकर उनके चेहरें में खुशी साफ झलकता है । ये पूरे तन मन से10 दिनों तक गजानंद स्वामी की पूजा करते हैं । जय श्री गणेश सभी भक्तो एवं आपकी गुणगान किसी करण वस पूजा अर्चना नहीं कर पाते उनके जीवन में खुशियाँ की झोली भर देना, विगत 13 सालो से कालोनी में क्रमागत श्री गणेश भगवान के पूजा अर्चना आस पास के निवासरत लोगों द्वारा किये जाते है। रोज भक्तगण को बैठाकर प्रसाद वितरण/भंडारा का सयोजन किये जाते है।

इस समिति में पूजा अध्यक्ष बांटी ठाकुर, उपाध्यक्ष रघु दास, सचिव अजय दे, कोषाध्यक्ष राजेश पाल, विजय निषाद, संग्रक्षक राजेश नायर, टोनी मंडल, सोरिन समरथ, तरुण गुप्ता, सदस्यगण बापी, ओम साहू, नान्तु, मनोज, पंकज, सपन, अजित मंडल, महेश पाल, सोमेन सरकार, महावीर और सभी ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ भगवान गणेश जी के पूजा अर्चना में लगे हुए है।

## तहसील कार्यालय मर्दापाल का भृत्य निलंबित

**कोंडागांव।** विगत दिनों कलेक्टर दीपक सोनी को प्राकृतिक आपदा राहत स्वीकृत कराने के एवज में अवैध रूप से वसूली की जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर द्वारा त्वरित जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोंडागांव के द्वारा जांच की गयी। जांच में प्रथम दृष्टया तहसील कार्यालय मदार्पाल के भृत्य दिलीप कोर्राम को दोषी पाया गया है। जिस पर उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है साथ ही उनके विरूद्ध नियमानुसार विभागीय जांच भी संस्थित की गयी है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र केशकाल में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# निर्वाचन से संबंधित वीडियोग्राफी कार्यों के लिए निविदा 6 तक

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आगामी आम निर्वाचन 2023 एवं 2024 के लिये कोंडागांव जिला अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केंद्र, मतदान केंद्र, मतगणना, उड़नदस्त दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु राज्य स्तरीय पंजीकृत और अनुभवी संस्थाओं एवं फर्मों से प्रति 8 घण्टे प्रति कैमरा प्रति दिन की दर से निर्धारण हेतु कोंडागांव जिले के लिए निविदा 1 वर्ष के रेट कांट्रेक्ट हेतु आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म 6 अक्टूबर 2023 को दोपहर 2 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं और निर्धारित फार्म में पूर्ण रूप से भरी निविदा 6 अक्टूबर 2023 को साम 4 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी में निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उनकी उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कोंडागांव जिले के वेबसाइट अथवा उपजिला निर्वाचन अधिकारी कोंडागांव से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती हैं।

# किरन्दुल ओल्ड टाइप थ्री में धूमधाम से किया जा रहा है गणेशोत्सव का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 09 ओल्ड टाइप थ्री नीलगिरी पार्क परिवार द्वारा मंगलवार रात को भगवान गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित कर धूमधाम से गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें एनएमडीसी हैदराबाद से स्थानांतरित होकर किरन्दुल आएं नवपदस्थ सीजीएम वर्क्स किशन आहूजा सम्मिलित हुए। नीलगिरी पार्क के सचिव सुखराम गावड़े ने बताया कि लगातार चौथे वर्ष गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें बच्चें महिला युवा इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। मौके पर महेश कुमार संबेटा, अविनाश स्वाई, दीपक मोहंती, रमन सिन्हा सहपरिवार उपस्थित थे।

## 30 टीमों ने फुटवाल खेल में भाग लिया

# फुटबाल टूर्नामेंट फाइनल में पिव्ही 91 खंडी ने जीता मैच

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com





परलकोट के अति संवेदनशील क्षेत्र में फुटवाल मैच का आयोजन पी व्ही 91, खंडी गांव ने मिलकर करवाया, यह फुटबॉल टूर्नामेंट बिगत 15 दिनों से चल रहा है जिसमें परलकोट क्षेत्र के विभिन्न गांव से जैसे कापसी क्षेत्र से कापसी की टीम पखांजुर क्षेत्र से और बांदे क्षेत्र से कुल 30 टीमों ने फुटवाल खेल में भाग लिया था, जिसमें पिव्ही 91 खंडी और बीबीएफसी टीम के बीच 30 -30 मिनट का फाइनल मैच खेला गया, मगर दोनों टीम के खिलाड़ी ने गोल नहीं दाग पाए, अतिरिक्त 10 मिनट का खेल में भी दोनों टीम के बीच गोल नहीं कर पाए अंतिम में पाँच पांच पेनाल्टी शाट हुआ जिसमें बीबीएफसी के टीम ने दो गोल दागे और पी व्ही 91 खंडी के टीम ने तीन गोल दागे इस प्रकार से पी व्ही 91 खंडी के टीम ने फाइनल में एक गोल से खिताबी मुकाबला में ट्राफी और बीस हजार रुपए अपने नाम किया और द्वितीय ईनाम बी बी एफ सी ने ट्राफी और पंद्रह हजार रुपए अपने नाम किये। इस इस दौरान पूरे टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज पी व्ही 91 खंडी के गोल कीपर राजा रहे और मैन ऑफ द मैच बी बी एफ सी टीम के कुलदीप रहे। इस फुटवाल प्रतियोगिता का आयोजन पिव्ही 91 एवं खंडी गांव के ग्रामीणों ने मिलकर किया, इस फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कोयलीबेड़ा सरपंच संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण मंडावी रहे और विशेष अतिथि नागलदण्ड सरपंच जयलाल प्रधान, साथ में खगेन बघेल धरमपुर पंचायत सरपंच मौजूद रहे, इस खेल प्रतियोगिता में चार रेफरी का भी अहम भूमिका रहा, निःस्वार्थ पूर्वक पखांजूर से युवा खिलाड़ी रेफरी धीरज बड़ाई, पिंटू राय, बिकास देवनाथ, बिदु राय मुख्य भूमिका रहा।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष लक्ष्मण मंडावी उपस्थित दर्शको और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कोई भी खेल सभी बच्चों युवाओं को खेलना चाहिए, खेल खेलने से शरीर स्वास्थ्य और फिट तंदुरुस्ती रहती है और इस प्रकार के टूर्नामेंट से आपस में नजदीकिया और भाईचारा बढ़ती है, ऐसी टूर्नामेंट को हर क्षेत्र में करना चाहिए, अंत मे इतनी बड़ी खेल का आयोजन करने के लिए आयोजन करने वाले खेल कमिटी पी व्ही 91और खंडी (शांति पारा) दोनों गाँव को धन्यवाद पात्र बताया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060100733061, सुचित कुमार बागी ( ऋणी ), श्रीमती सत्यभामा बागी ( सहऋणी ), सनराइज एजुकेशन एण्ड डवलपमेन्ट सोसायटी ( सहऋणी ), राकेश मसीह ( गारंटर ) | 11-अगस्त-23 ₹ 30,62,658/- तीस लाख बासठ हजार छः सौ अट्ठावन रूपये मात्र 10-अगस्त-23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 695/1 ( भाग ), पीएच नं. 29 ग्राम आर एनएम, तहसील खुर्द, धमतरी, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 17437 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060114195162, चुल्लू राम साहू ( ऋणी ), श्रीमती धनेश्वरी बाई साहू ( सहऋणी ), गुलाब राम ( गारंटर ) | 11-अगस्त-23 ₹ 4,36,146/- चार लाख छत्तीस हजार एक सौ छियालीस रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत 09 347 मगरलोद, धमतरी, मगरलोद, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 154.94 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060718480901, शिव कुमार यादव ( ऋणी ), हसमुख कुमार यादव ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 15,02,363/- पन्द्रह लाख दो हजार तीन सौ तिरेसठ रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम खसरा नं. 254, वार्ड नं. 03 दुर्ग बलोद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 145.83 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001061121312276, शिव कुमार यादव ( ऋणी ), हसमुख कुमार यादव ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 1,87,695/- एक लाख सतासी हजार छः सौ पिच्यानवे रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम 254, बलोद दुर्ग बलोद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 145.83 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060718746284, सुरेश कुमार एजवाहा ( ऋणी ), कुंजमोल एजवाहा ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 13,26,612/- तेरह लाख छब्बीस हजार छः सौ बारह रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम 85/15 बिलासपुर, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 66.67 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060822791035, रविन्द एन्टरप्राइजेज ( ऋणी ), तिराहू राम साहू ( सहऋणी ), श्रीमती कुमारी साहु ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 9,93,179/- नौ लाख तिरानवे हजार एक सौ उनयासी रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | ( संपत्ति 1 ) संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 16 265, बाई 65 मनीर हसोड रायपुर, आरंग छत्तीसगढ क्षेत्रफल 10643.24 वर्गगज ( संपत्ति 2 ) संपत्ति स्थित पीएच नं. 154 बाई 27 आरएनएम खसरा नं. 1518 एवं 396 का भाग एव नावापारा छमपरा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 73.32 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060121794231, समृद्धि फूड्स एण्ड बेवरेजेज जरिये प्रोपराइटर विष्णु सोनी ( ऋणी ), विष्णु कुमार सोनी ( सहऋणी ), श्रीमती उषा सोनी ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 14,94,480/- चौदह लाख चौरानवे हजार चार सौ अस्सी रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 41, खसरा नं. 36/5, ग्राम बाधा, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1647.11 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060721808007, रूपेश कुमार धुरंदर ( ऋणी ), ओमप्रकाश धुरंधर ( सहऋणी ), अश्वनी कुमार धुरंधर ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 15,71,850/- पन्द्रह लाख इकहत्तर हजार आठ सौ पचास रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम पीएच नं. 100 खसरा नं. 398 बाई 17 बीरगांव, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 122.21 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122790831, जय कुमार ( ऋणी ), श्रीमती झामिन बाई विश्वकर्मा ( सहऋणी ), देवा विश्वकर्मा ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 4,19,838/- चार लाख उन्नीस हजार आठ सौ अडतीस रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम 241/42 खुर्द धमतरी खुर्द, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 80.95 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060125581762, धनी राम राठिया ( ऋणी ), श्रीमती गुरवारी राठिया ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 9,66,571/- नौ लाख छियासठ हजार पांच सौ इकहत्तर रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 01, खसरा नं. 175, ग्राम खडगांव, आरएनएम/तहसील खरसिया, जिला रायगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.202 हैक्टैयर |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060830998685, हेम लाल साहू ( ऋणी ), रोहित कुमार साहू ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 2,68,563/- दो लाख अडसठ हजार पांच सौ तिरेसठ रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 3494 तूमगांव, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2310 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126637042, हेम लाल साहू ( ऋणी ), रोहित कुमार साहू ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 6,15,243/- छः लाख पन्द्रह हजार दो सौ तेतालीस रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 3494 पीएच नं. 30, ग्राम तूमगांव, तहसील एवं जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2310 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126766938, झनक राम पटेल ( ऋणी ), मालिक राम पटेल ( सहऋणी ), नयनमोती पटेल ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 10,47,659/- दस लाख सैंतालीस हजार छः सौ उनसठ रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 137/9 ग्राम जामनीदीन, तहसील बसना जिला महासमुंद, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.03 हैक्टेयर |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126925363, गरिमा वस्त्रालय ( ऋणी ), कैलाश प्रसाद साहू ( सहऋणी ), संतोष कुमार साहू ( सहऋणी ), कालाराम मोहनलाल ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 8,15,463/- आठ लाख पन्द्रह हजार चार सौ तिरेसठ रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 413/2 ग्राम छूइया, तहसील बिलाईगढ, जिला बलोदा बाजार छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0. 011 हैक्टेयर |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070527305456, मनीष कुमार यादव ( ऋणी ), श्रीमती भारती बाई यादव ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 9,19,320/- नौ लाख उन्नीसहजार तीन सौ बीस रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम मौजा भाटगांव, खसरा नं. 649/2 का भाग, पीएच नं. 8/9, आरएनएम दुर्ग छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 2178 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070627293134, मनीष कुमार यादव ( ऋणी ), श्रीमती भारती बाई यादव ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 ₹ 13,63,544/- तेरह लाख तिरेसठ हजार पांच सौ चवालीस रूपये मात्र 10-अगस्त-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम मौजा भाटगांव, खसरा नं. 649/2 का भाग, तहसील एवं जिला दुर्ग छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2179 वर्ग फीट |

दिनांकः 20-09-2023
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

# रायपुर में 45 वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

## संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के नवजीवन सोसायटी पचपेड़ी नाका रायपुर में 45 वां निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विकास उपाध्याय ने योग आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी वार्डो में निःशुल्क योगाभ्यास केंद्र शुरू हो चुके हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है। सेतुबंध आसन के सामूहिक योगाभ्यास के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किये जाने पर भी उन्होंने छत्तीसगढ़ योग आयोग को बधाई दी। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जन-जन को स्वस्थ एवं निरोगी रखने के उद्देश्य से योग आयोग द्वारा नगर निगम अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख सार्वजनिक उद्यानो में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र प्रारंभ किया जा चुका है। यहां आम नागरिक योग के माध्यम से स्वास्थ लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर योग आयोग के अधिकारी, योग प्रशिक्षक सहित बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित थे।

# सीमेंट की बढ़ती कीमतों के लिये भाजपा व कांग्रेस जिम्मेदार : राजकुमार पात्रे

## 21 सितंबर को बसपा करेगी विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार पात्रे ने कहा है कि विगत दिनों से छत्तीसगढ़ प्रदेश में निर्मित सीमेंट के कीमतों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी का जिम्मेदार भाजपा व कांग्रेस पार्टी है। जबकि अन्य प्रदेशों में छत्तीसगढ़ में निर्मित सीमेंट का दाम छत्तीसगढ़ की तुलना में कम है, जो विचारणीय प्रश्न है, जिस पर आम नागरिकों को विचार करना चाहिए। सीमेंट के दामों में वृद्धि को लेकर बसपा 21 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करेगी। एडवोकेट पात्रे ने आगे कहा कि सीमेंट संयंत्रों में कार्यरत मजदूरों, अधिकारियों की वेतन में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है, कच्ची सामाग्री की कीमत, परिवहन व्यय, बिजली दर में वृद्धि नहीं हुई है; इसके बावजूद सीमेंट संयंत्रो के द्वारा सीमेंट की कीमत में प्रति बेग 70 से 90 रुपये की बढ़ोत्तरी क्यों किया जा रहा है। इसका कारण आगामी विधानसभा चुनाव 2023-2024 के लिये कांग्रेस व भाजपा के द्वारा सीमेंट संयंत्रों से भारी भरकम चुनावी फण्ड लिया जाना है। जिसकी भरपाई सीमेंट प्रबंधकों द्वारा 70 से 90 रुपये प्रति बोरी कीमत बढ़ाकर आमजनता की मेहनत की कमाई से कर रही है। कांग्रेस व भाजपा किसानों, गरीबों की हितैषी होने का झूठी बात कहकर वाहवाही लुटते हैं वहीं दूसरी ओर गरीब, मजदूर, किसानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों के माध्यम से लूटने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस की और केन्द्र में भाजपा की सरकार है, इसके बावजूद सीमेंट संयंत्रों के द्वारा स्थानीय लोगों को अधिक दाम एवं अन्य राज्य को कम दाम में सीमेंट दिया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों के लिये सीमेंट की कीमत कम होनी चाहिए। हमारे जमीन, पत्थर, पानी से सीमेंट उत्पादन कर सीमेंट संयंत्रों द्वारा हमें ही अधिक दाम पर सीमेंट बेचा जा रहा है, जो कि निन्दनीय है। इस पर राज्य एवं केन्द्र सरकार को अंकूश लगाकर स्थानीय लोगों को कम दाम में सीमेंट उपलब्ध कराना चाहिए।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में प्रदान किये जा चुके 93 हजार से अधिक घरेलू नल कनेक्शन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले के गांवों में घरों तक पीने के शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन अंतर्गत तेजी से काम जारी है। मिशन अंतर्गत जिले में अब तक 93 हजार 84 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किये जा चुके है। इसके माध्यम से लोगों को घर में ही शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है। साथ ही प्रगतिरत कार्यो को भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 1 लाख 53 हजार 558 घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना है। जिसके तहत वर्तमान में 93 हजार 84 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जिले के विद्युत एवं लो-वोल्टेज प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत सोलर आधारित लघु जल प्रदाय योजना के तहत सोलर पंप स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके तहत 219 नग सोलर पंप स्थापना कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिले में जल जीवन मिशन के तहत 666 गांवों के लिए कार्य योजना तैयार किये गये है। जिनमें से 625 गांवों के कार्यादेश जारी किये जा चुके है। शेष गांवों के निविदा-कार्यादेश जारी करने का कार्य प्रक्रियाधीन है।



**बलौदाबाजार।** बलौदाबाज़ार विधानसभा के ग्राम कुकराचुंदा में तीजा पर्व के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय मानस गान में टंकराम वर्मा सम्मिलित हुआ।

# नगर एवं आसपास चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रार्थी आशुतोष अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल उम्र 35 साल साकिन गार्डन चौक बलौदाबाजार थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका ट्रेक्टर क्र. सीजी 04 जेडजी 6596 का बैटरी एवं दो नग लोहे का एंगल को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अप. क्र.530 /2023 धारा 379, भादवि का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा प्रार्थी संदीप जायसवाल साल साकिन बजरंग चौक बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका लेबर क्वाटर ग्राम मगरचबा में स्थित है, जहां प्रार्थी का लेवर रह कर खाना बनाते थे। खाना बनाने के बर्तन तथा उसी कमरे में ट्रक का सामान भी रखते थे। वर्तमान मे लेबर लोग तीजा पोला मनाने अपने-अपने घर ताला लगाकर चले गये है। 17.09.2023 को कमरे का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे के अंदर रखा बर्तन, बैटरी व ट्रक का डिस्क नही था कि रिपोर्ट पर अप0 क्र0 715/2023 धारा 457, 380 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपीगण को जरिये मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपीगण का मेमोरण्डम कथन लिया गया। कथन में जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपीगण के निशादेही पर चोरी गई मशरूका बर्तन, लोहे का एंगल के निशानदेही के घर से बरामद किया गया तथा आरोपी सुनील भारती पिता करिया भारती उम्र 35 वर्ष सा. भैसापसरा द्वारा अपने हिस्से की मशरूका दो नग बैटरी व ट्रक डिस्क सामान को बिक्री कर मिले राशि को खा-पीकर खर्च कर देना बताया है। चोरी गई प्राप्त मशरूका बर्तन, लोहे का एंगल को समक्ष गवाहन जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया है। आरोपीगण को उसका आरोप बताकर 18 सितंबर के क्रमशः 14.25, 14.30 बजे विधिवत मुताबिक गिर0 पत्रक गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में प्र आर 720 सुखसागर मरावी तथा पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

# निर्माण क्षेत्र से जुड़े मेहनतकश मज़दूरों का भविष्य होगा उज्जवल

## मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में मिलेगी 1500 रूपए मासिक पेंशन

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के निर्माण क्षेत्र से जुड़े मेहनतकश मजदूरों का भविष्य उज्जवल होने जा रहा है। भूपेश सरकार की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में हर महीने 1500 रूपए मासिक पेंशन दी जाएगी। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा मजदूरों की जिदंगी में बदलाव लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे न केवल मजदूरों का जीवनस्तर में बदलाव हुआ है बल्कि उनको मान भी मिला है। श्रमिकों के रोजगार, स्वास्थ्य, श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा सहित उनके आर्थिक स्थिति में बदलाव के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। लिहाजा श्रम विभाग की योजनाओं से पचास लाख से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है। इसी कड़ी में अब निर्माण क्षेत्र से जुड़े मेहनतकश मजदूरों को अब भविष्य की चिंता नहीं सताएगी। भूपेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना लागू की गई है। जिसके तहत निर्माण कार्य करने वाले ऐसे मजदूर जिनकी आयु 60 वर्ष पूरी हो चुकी हो तथा जो 10 साल तक पंजीकृत रहे हैं उन्हें जीवन पर्यंत हर महीने 1500 रूपये मासिक पेंशन दी जायेगी।

# अवैध शराब परिवहन पर कलेक्टर हुए सख्त 4 माह में कुल 123 वाहनों को किए राजसात



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चंदन कुमार ने अवैध शराब परिवहन पर सख्त कार्रवाई करतें हुए आबकारी विभाग के तहत जप्त वाहनों पर कोर्ट के माध्यम से सुनवाई करते हुए 4 माह के भीतर ही कुल 123 वाहनों को राजसात करनें के आदेश दिए है। उक्त वाहनों में लगभग 121 दुपहिया वाहन एवं 2 चारपहिया वाहन शामिल है। कलेक्टर ने अपने कोर्ट के माध्यम से अब तक कुल 160 प्रकरणों पर सुनवाई की प्रकिया पूरी कर ली है। उक्त कार्रवाई कलेक्टर ने आबकारी अधिनियम धारा 47 क(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग करतें हुए किए है।

# अवैध शराब बिक्री हेतु ले जाते 2 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक संम्पन कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के असमाजिक तत्वों के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है कि 17 सितंबर को मुखबिर सूचना पर कुथरौद रेल्वे क्रोसिंग के पास रेड कार्यवाही की गई, जिसमें आरोपीयान जगबंधु पिता बिह्लू राम खूंटे उम्र 54 वर्ष एवं बलराम गेंडरे पिता भागवत गेंडरे उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी बुड़गहन थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा को अवैध रूप से मोटरसायकल हीरो होंडा स्प्लेंडर CG 04 KR 8602 में बिक्री हेतु बोरी में 32 पाव देशी मशाला शराब कुल 5.760 बल्क लीटर कीमती 3520 रुपये परिवहन करते ले जाते पाए जाने पर अवैध शराब एवं मोटरसायकल को जब्त कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 173/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपियान जगबंधु प्रसाद एवं बलराम गेंडरे को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने में थाना प्रभारी निरीक्षक नकुल सिंह ठाकुर, स. उ.नि. पवन सिन्हा, प्र.आर.189, 248 संत मिलाप ध्रुव, आरक्षक 432 सहदेव पटेल, करण साय पैकरा, शांतनु डहरिया, बालेश्वर भगत की विशेष भूमिका रही है।

# पीएससी में चयन से संबंधित याचिका पर राज्य सरकार ने कहा- उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर न्यायालय के समक्ष पेश करेंगे

## जिनकी नियुक्तियाँ हो चुकी वह यथा स्थिति न्यायालय के आदेश के रहेगी अधीन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पीएससी चयन से संबंधित याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय के समक्ष की गई, महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें राज्य सरकार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह वक्तव्य दिया गया कि हम उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर माननीय न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे एवं जब तक मामले के अगली सुनवाई नही हो जाती तब तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आक्षेप लगा है और उनकी नियुक्ति नही हुई है, उसको आगे अंतिम रूप नही दिया जायेगा एवं जिनकी नियुक्तियाँ हो चुकी है वह यथा स्थिति न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी। न्यायालय ने उक्त वक्तव्य को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद रखी है एवं राज्य सरकार तथा पीएससी को निर्देशित किया है कि वे जो सूचीं याचिकार्ता के द्वारा पेश की गई है उसके तथ्यों की सत्यता के संबंध में भी जांच कर ले तथा याचिकाकर्ता को निर्देशित किया गया है कि वह चयनित व्यक्तियों को पक्षकार बनाये और अपनी याचिका में निर्धारित संशोधन कर पेश करें। न्यायालय के द्वारा याचिकाकर्ता को भी सचेत किया गया है कि अगर याचिकाकर्ता की जानकारी गलत पाई गयी तो उसके विरुद्ध भी न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी।

## गुणवत्ता समीक्षकों का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सितम्बर 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार सितम्बर में बृजश प्रसाद 9430683492, 9836321355) सुकमा एवं दंतेवाड़ा जिले और एबदुल माजीद शबनम 9419130403, 7006290384) नारायणपुर एवं बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के निर्माण कार्यो के गुणवत्ता निरीक्षण करेंगे।

# डोकरपाली में आयोजित विश्वकर्मा जयंती में सम्मिलित हुए संसदीय सचिव

पायनियर संवाददाता ➤ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती के दिन शिल्प कला के आदिदेव विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की धूम रही। जिसके चलते विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव शामिल हुए. इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोकर पाली में आयोजित विश्वकर्मा पूजा समारोह छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस डोकर पाली में आयोजित यह विशेष पूजा राज मिस्त्री संघ के तत्वाधान से किया गया था जिसमें शामिल होने के लिए विगत दिनों संसदीय सचिव यादव ग्राम डोकरपाली पहुंचे जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया तत्पश्चात् भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के साथ विश्वकर्मा जयंती समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान संसदीय सचिव यादव ने सर्वप्रथम विश्वकर्मा भगवान की पूजा करते हुए क्षेत्र के निवासियों के सुख शांति व समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विश्वकर्मा जयंती पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। इस दौरान संसदीय सचिव यादव ने राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा फिर से आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए जनता जनार्दन से निवेदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजमिस्त्री संघ के अध्यक्ष एवन दीवान, भुवन लाल यादव, सचिव घनश्याम यादव, उपाध्यक्ष टुकेलाल राजपूत लितेश दीवान कोषाध्यक्ष टुकेश दीवान ग्रामीण अध्यक्ष होम सिंह निषाद, सदस्य गाने पुरुषोत्तम राजपूत याद राम दीवान ईश्वर राजपूत तेनु राम यादव गणपत दीवान जगतानंद दीवान मनोज दीवान सुमन दीवान कन्हैया दीवान निलेश दीवान नूतन यादव झमन दीवान राजेंद्र कुमार, पवन सिंह निषाद चुम्मन लाल यादव केशव राम दिगेश उमेश टीलेंद्र कुमार जगदीश दीवान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधी गण ग्रामीण जन तथा मिस्त्री संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में देश के तीन चौथाई लघु वनोपजों का संग्रहण, चार सालों में 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी







## वर्तमान में 67 लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी

छत्तीसगढ़ में संग्राहकों के हित में लघु वनोपजों की संख्या में वृद्धि करते हुए 7 से बढ़ाकर वर्तमान में 67 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इसके परिणाम स्वरूप विगत साढ़े चार सालों में संग्राहकों की संख्या में भी 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है, वर्ष 2018-19 में संग्राहकों की संख्या 1.5 लाख थी, जो आज बढ़कर 6 लाख हो गई है। वर्ष 2021-22 में कुल 42 हजार मीट्रिक टन लघु वनोपजों की खरीदी की गई है, जबकि यह मात्रा वर्ष 2018-19 में 540 मीट्रिक टन थी। इस तारतम्य में प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए मिलेट मिशन भी चलाया जा रहा है। इसके तहत समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी की जा रही है।

## कोदो, कुटकी, रागी भी समर्थन मूल्य पर खरीद रही छत्तीसगढ़ सरकार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में रोजगार, स्व-रोजगार, स्थानीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और उद्यमिता विकास को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। विगत साढ़े चार वर्षों में ग्रामीण तबकों और सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक इन योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले वनवासी एवं आदिवासियों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में देश का 74 प्रतिशत लघु वनोपज संग्रहित होता है। छत्तीसगढ़ पूरे देश का सबसे बड़ा वनोपज संग्राहक राज्य है। पिछले साढ़े चार वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं के परिणाम स्वरुप लगभग 13 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं 06 लाख वनोपज संग्राहकों को अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। संग्राहकों के हित में तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 2 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है, वहीं संग्राहकों को विगत चार वर्षों के दौरान 2146.75 करोड़ रूपए तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान किया गया है। संग्राहक परिवारों के हित में शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत् अब तक 4692 हितग्राहियों को 71.02 करोड़ रूपए की सहायता प्रदान की गई है। वन अधिकारों के क्रियान्वयन में भी छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी राज्य है। छत्तीसगढ़ सरकार ने लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा दिया है और लाख उत्पादक कृषकों को अल्पकालीन ऋण प्रदान करने की योजना भी लागू की है, जिसके प्रभाव स्वरूप आज लाख उत्पादक किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर निगम भिलाई को 65 करोड़ 75 लाख रूपए लागत की 48 विकास कार्यों की दी सौगातें

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर निगम भिलाई अंतर्गत सेक्टर 01 नेहरू सांस्कृतिक भवन में आयोजित आभार सम्मेलन में शिरकत करने के पूर्व यहां पर 65 करोड़ 75 लाख 12 हजार रूपए लागत के 48 कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया। जिसमें 22 करोड़ 50 लाख 28 हजार रूपए लागत के 19 कार्यों का लोकार्पण तथा 43 करोड़ 24 लाख 84 हजार रूपए लागत के 29 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। भिलाई हमारा मिनी भारत कहलाता है। हर धर्म, हर भाषा के लोग प्रेम से यहां एक साथ रहते हैं। भिलाई की अपनी समस्याएं हैं। भिलाई को भी रोजगार, विकास के लिए जूझना पड़ा है। जब प्लांट को यहां जमीन दी गई थी तो इन्हें कम्युनिटी डेवलपमेंट के लिए दी गई थी ताकि यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, मूलभूत सुविधाओं का विकास कर रहे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यहां के लोग लगातार संघर्ष करते हुए, आपके जीवनभर की कमाई आपने भिलाई स्टील प्लांट को दे दिया, लेकिन आपको हक़ नहीं मिला। आपके मेहनत के वजह से और यहां के जनप्रतिनिधि की वजह से आज लगभग 500 लोगों की रजिस्ट्री हो गई है। प्लांट यदि राज्य सरकार को वापस कर दे तो जमीन का मालिकाना हक आपका हो जाएगा। आज 23 साल बीत गया। अब आपको आपकी जमीन वापस मिलेगी। आपको बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिल रहा है। चाहे पेयजल हो, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हो, सबका लाभ आप सभी को मिले। यही मैं कहना चाहता हूं। हमने टाटा के साथ एमओयू किया ताकि हमारी आईटीआई को अपडेट किया जा सके। इससे 10 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा। हम लगातार नौकरियां दे रहे हैं, हमने लगभग 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की। हम लगातार आपके विकास के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में 29 लाख 82 हजार रूपए लागत से जोन 01 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 के मार्गो के सीमेंटीकरण नाली निर्माण एवं सिवरेज लाईन कार्य, 30 लाख रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 4, 5, 6 मार्गों का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण पुलिया निर्माण कार्य, 25 लाख रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 7, 9, 10 के मार्गों का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, 29 लाख 96 हजार रूपए की लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 11,12,13 के मार्गों का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, 25 लाख 77 हजार रूपए की लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 17, 18 के मार्गों का सीमेंटीकरण कार्य, 98 लाख 9 हजार रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में बायपास रोड से कोसा नगर पुलिया तक डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य , 90 लाख रूपए की लागत से जोन 2 वैशाली नगर वार्ड 14 शांति नगर दशहरा मैदान का उन्नयन कार्य, 1 करोड़ के लागत से जोन 2 वैशाली नगर गौरव पथ से आजाद चौक होते हुए मुक्तिधाम सामने एवं पापुलर सायकल स्टोर्स से आजाद चौक तक डामरीकृत मार्ग का उन्नयन कार्य, 1 करोड़ रूपए की लागत से जोन 2 वैशाली नगर इंदिरा चौक से दुबे पानपैलेस होते हुए भगत सिंह चौक से सड़क 9 हनुमान मंदिर तक एवं जोन 2 कार्यालय के आस-पास मार्गों में डामरीकरण एवं उन्नयन कार्य, 64 लाख 15 हजार रूपए के लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 40 मुक्तिधाम एवं दर्री तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, 84 लाख रूपए के लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 42, 43, 44 में उद्यान का जिर्णोधार व सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 1 करोड़ 22 लाख 73 हजार रूपए लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 45 में बीएसपी कन्याशाला के पिछे ग्राउंड में प्रकाश व्यवस्था एवं डिजिटल कम्प्यूटर लाईब्रेरी उदय मंडल में भवन निर्माण एवं जिम सामग्री प्रदाय कार्य , 1 करोड़ 36 लाख रूपए लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 46 एवं 50 में नवीन कालेज ग्राउंड में प्रकाश व्यवस्था दुर्गा मंदिर का जीर्णोद्धार बाबा बालक नाथ तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, 7 करोड़ की लागत से जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत बीपीओ सेंटर का निर्माण कार्य , 40 लाख रूपए लागत से जोन 5 वार्ड 57, 59, 60 में चौनलिंक फैसिंग, डोम सेड सौंदर्यीकरण एवं फेवर ब्लाक कार्य, 1 करोड़ 66 लाख लागत से जोन 5 वार्ड 57, 52, 64, 66 में स्मार्ट सड़क अतिरिक्त कक्ष उद्यान कक्ष सेंट्रल एवेन्यू पाथ्वे एवं नाली निर्माण कार्य, 1 करोड़ 41 लाख 16 हजार रूपए लागत से जोन 5 वार्ड 70 हुड़को में वाचनालय डामरीकरण एवं नवीनीकरण फेवर ब्लाक बोर खनन बैडमिंटन कोर्ट आंगनबाड़ी निर्माण कार्य, 2 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से पंडित जवाहर लाल नेहरू प्लेनेटेरियम कार्य तथा 57 लाख रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर शहीद स्मृति स्थल सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की खुशहाली के लिए की भगवान गणपति की पूजा




गणेश चतुर्थी के अवसर पर से 11 दिन तक भगवान गणेश घर-घर में विराजमान होंगे। श्रद्धांलु भक्तगण भक्ति-भाव से 11 दिनों तक पूजा अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपने भिलाई-3 स्थित निवास में गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापना की है। उन्होंने आज भगवान गणेश जी की विधि-विधान-पूर्वक पूजा अर्चना की और परिवार एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## मुख्यमंत्री बघेल ने किया इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत खुर्सीपार में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम (मिनी) का लोकार्पण किया। 3 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित इस स्टेडियम में बैडमिटन कोर्ट, 2 नग वुडन फ्लोरिंग, टेबल टेनिस के तीन कोर्ट, कैरम रूम, 3 बोर्ड शतरंज और एक हाल बनाए गए हैं। इंडोर स्टेडियम से अब खिलाड़ियों को खेलने की बेहतर सुविधाएं मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खिलाड़ियों से खेल के संबंध में रू-ब-रू चर्चा किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री ने किया बीपीओं सेंटर का लोकार्पण



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत खुर्सीपार में 7 करोड़ की लागत से नवनिर्मित बीपीओं सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सेंटर में युवकों से चर्चा करते हुए अवगत कराया कि सरकार युवाओं के लिए रोजगार हेतु निजी संस्थाओं को आगे ला रही है। जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। ज्ञात हो कि भिलाई के इस बीपीओ सेंटर के माध्यम से लगभग 700 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री बघेल ने किया तारामण्डल का लोकार्पण





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर 2 करोड़ रूपए के लागत से नवनिर्मित तारामण्डल का लोकार्पण किया। यह तारामण्डल शहरवासियों को ब्रम्हांड में होने का अहसास कराएगा। मुख्यमंत्री बघेल ने नगरवासियों एवं स्कूली बच्चों के साथ तारामण्डल के विहंगम दृश्यों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भिलाई-03 की सडकों से निगम द्वारा पकडे गये रात्रि में विचरने वाले घुमंतु पशु



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई- 3
www.dailypioneer.com

महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के आदेशानुसार भिलाई-03 और चरौदा क्षेत्र में प्रमुख राजमार्ग -मुख्य सड़क को आवारा पशुओं से मुक्त कराने कार्यवाही नियमित की जा रही है। विगत दिनो कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा समय सीमा की बैठक में इस विषय पर निर्देशित करते हुए अपने पालतू जानवर रोड पर छोड़ने वालो के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने अधिकारियों को आदेश प्रदान किया गया है। जिस पर लगातार भिलाई-चरौदा निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिन और रात दोनो ही समय मवेशी पकड़कर उन्हे सडको से हटाया जा रहा है। इस दौरान निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा गंभीरता पूर्वक मुख्य राजमार्ग सहित अन्य आवागमन वाली प्रमुख सड़कों से आवारा घुमंतू पशु पकड़ने की कार्यवाही काउ कैचर के माध्यम से की जा रही है, साथ ही अपने पालतू मवेशी बाहर छोड़ने वाले पर अर्थदंड भी लगाया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत भिलाई-चरौदा निगम के एनयूएलएम दल ने कन्या शाला की छात्राओं को दिलाई शपथ



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई- 3
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विषय पर निगम राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक आदित्य भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर निर्मल कोसरे एवं कमिश्नर अजय त्रिपाठी से प्राप्त आदेश के परिपालन में निगम क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में भिलाई-03 के कन्या उच्चतर माध्यिमिक विधालय में शिक्षणरत बालिकाओं को शपथ दिलाई गयी। जिसमें अपने शहर को साफ रखेगे, गंदनी नही करेंगे। साथ ही किसी को करने भी नही देंगे। शपथ के दौरान स्कूली छात्राओं के साथ सामुदायिक संगठक कुंती वर्मा, सुषमा पांडे तथा स्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## त्योहारों में लोगों की चहल पहल, भिलाई-चरौदा निगम कर रहा संपूर्ण क्षेत्र की साफ -सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई- 3
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा गणेशोत्सव सहित अन्य आने वाले त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए एहतियातन विशेष सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया है। निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक बीनू वर्मा ने बताया कि महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी द्वारा दिये गये आदेशानुसार सार्वजनिक जगहो जैसे पूजा पंडाल स्थल, बाजार मार्केट, खेल मैदान वं मेला स्थल पर विशेष फोकस कर सफाई की जा रही है। जिससे कही भी लोगो को असुविधा ना हो। इस दौरान सडक के किनारे एकत्र हुए धुल और डस्ट को हटाने के साथ अनुपयोगी पदार्थ जो जमीन और प्रांगन में पाये गये उन्हे समेटते हए सभी स्थानों पर गडडो की लेवलिंग की जा रही है। नालियों से कचरा निकालने के साथ क्लोरिन टैबलेट का वितरण और स्वच्छता बरतने संबंधी समक्षाईस भी नागरिकों को देने का कार्य सफाई मित्र, स्वच्छता दीदी द्वारा मितानिनों के सहयोग से कर रही है।

## विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक

**भिलाई- 3।** निगम कार्यालय सभागार में बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुयी। इस दौरान निगम के राजस्व संपदा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लेखा शाखा सहित अन्य विभागों के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त अजय त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि राजस्व विभाग के कामकाज में लगे सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्ड में वसूली करने के साथ अवैध निर्माण की जानकारी एवं आवारा पशु बाहर छोड़ने वालो की जानकारी से प्रभारी अधिकारी को दैनिक रूप से अवगत करायें । राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रत्येक घर का सर्वेक्षण कर पशुपालकों की जानकारी संकलित करने निर्देश प्रदान किये गये।

## चरौदा निगम कार्यालय में विराजे गणपति

# महापौर निर्मल कोसरे ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर की नगर के खुशहाली की कामना

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई- 3
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय परिसर में मंगलवार को भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गयी। जिसका पूजन अगले दस दिनों तक कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। बता दे कि भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में पिछ्ले कई वर्षो से भगवान गणेश और विश्वकर्मा की पूजा होती आ रही है। समय-समय पर अलग-अलग कर्मचारियों द्वारा इसकी पहल कर निगम कार्यालय में देव स्थापना कर पूजा-अर्चना किया जाता रहा है। महापौर निर्मल कोसरे ने विधि विधान से पूजा कर नगर के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य मोहन साहू, पार्षद डे साहाब वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, आशीष वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित निगम कर्मचारी अविनाश चन्द्राकर, चेतन देवांगन, श्याम सुंदर सिंह, टिकेन गोस्वार, बलराम चेलक, सुखनंदन यादव, अश्विनी चंद्राकर, लिंगेश्वर राव, मनोज मैथिल, मनोज हरकंडे, पुरानिक साहू और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

AU SMALL FINANCE BANK
चलो आगे बढ़ें

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि एवं समय | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060716426870 & L9001060820482336 प्रदीप बनजारे पुत्र बुधराम बनजारे ( ऋणी ), शीतल बनजारें पुत्र आत्मा राम ( सहऋणी ), शिशु कुमार बनजारे पत्नी बुध राम बनजारे ( सहऋणी ) | 13-अप्रैल-22 47,51,677/- सैंतालीस लाख इक्यावन हजार छः सौ सतहत्तर रूपये मात्र एवं 9,69,682/- नौ लाख उनहत्तर हजार छः सौ बयासी रूपये मात्र 12-अप्रैल -22 तक | 27-फरवरी -23 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 12 खसरा नं. 2223/2, वार्ड नं. 14 चंद्रधारी मंदिर के पास, ग्राम डाभरा, जिला जांजगीर, चम्पा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 5232 वर्ग फीट ( 0.049 हैक्टैयर ) | Rs. 40,00,000/- चालीस लाख रूपये मात्र | Rs. 4,00,000/- चार लाख सौ रूपये मात्र | 18-अक्टूबर-2023 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-अक्टूबर 2023 तक या इससे पहले प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः जांजगीर भूतल, तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ 495668 | राहुल विश्वकर्मा एवं भानु प्रताप सिंह / 7610210556 9773358234 ई.मेलः auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 12 अक्टूबर 2023 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तेः
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है,'' जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in@bank.auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री भानूप्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663 और ई–मेल auctions@aubank.in
नोटः–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

दिनांकः 20.09.2023
स्थानः जांजगीर – चम्पा, छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## विशेष सत्र पहला दिन

**संसद के विशेष सत्र का पहला दिन** पुराने संसद भवन का अंतिम दिन था। अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि एजेंडे पर काफी रहस्य के बाद शुरू हुए संसद के विशेष सत्र में कुछ खास नहीं है। महत्वपूर्ण सुर्खी केवल यह है कि संसद के सत्र अब नये संसद भवन में हुआ करेंगे। सरकार मानसून सत्र नये भवन में करना चाहती थी, पर वह तब तक तैयार नहीं था और इसी कारण पांच दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। एक प्रकार से यह नये संसद भवन को दिखाने और पुराने भवन को अलविदा कहने का समय था जो अब एक संग्रहालय के रूप में काम करेगा। जहां अधिकांश सांसद पुरानी इमारत से विदाई के समय यादों में डूबे थे, वहीं उनको नये अद्यतन व शानदार संसद भवन में काम करने का अवसर मिलने पर खुशी भी थी। विशेष सत्र का प्रारम्भ लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण से हुआ जिसमें उन्होंने पुराने परिसर में घटी कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में बातें कीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुराना भवन अपनी समृद्ध विरासत से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपनी सरकार द्वारा पास महत्वपूर्ण विधेयकों की ओर संकेत करते हुए कहा कि पुराने परिसर में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए तथा काफी समय से लंबित समस्याओं का समाधान किया गया। मोदी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, 'सदन हमेशा गर्व करेगा कि उसके कारण अनुच्छेद 370 समाप्त किया गया। यहां जीएसटी पास किया गया। इस सदन ने वन रैंक वन पेंशन को पास किया। पहली बार बिना किसी विवाद के देश में आर्थिक रूप से गरीब तबकों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।'

इसके पहले संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सांसदों को सूचित किया था कि 'पूरे दिन भारतीय संसद की 75 वर्ष की यात्रा पर चर्चा होगी।' लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय पूरा दिन सत्तापक्ष व विपक्ष, खासकर कांग्रेसी नेताओं के भाषणों में लग गया। विपक्ष के नेता मल्लिार्जुन खड़गे ने सीधे-सीधे सरकार पर यह कह कर हमला बोला कि विपक्ष के स्वर दबाने के लिए कथित रूप से सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। नेहरू का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, उनका विश्वास था कि मजबूत विपक्ष के अभाव में व्यवस्था में कुछ कमियां आ जाती हैं। यदि विपक्ष मजबूत नहीं होगा तो यह ठीक नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि अब जब विपक्ष मजबूत है तो उसे ईडी व सीबीआई के माध्यम से कमजोर करने का प्रयास हो रहा है। विशेष सत्र में पांच दिन में पांच बैठकें होंगी तथा आठ विधायी मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही '75 वर्ष की संसदीय यात्रा' पर भी चर्चा होगी जिसमें उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों व सबकों को याद किया जाएगा। हालांकि, देखना होगा कि सदन में कितना वास्तविक कामकाज होता है। हालांकि, अब भी संभावना है कि सरकार कुछ आश्चर्य पैदा करे, पर हर गुजरते मिनट के साथ यह संभावना धूमिल होती जा रही है। अधिकांश सांसदों का मानना है कि हमें पूर्वाग्रहों में जकड़े रहने के बजाय 'पुराने के स्थान पर नया आने' का उत्सव मनाना चाहिए। जनता को उम्मीद है कि नये व शानदार संसद भवन में सांसद ज्यादा जिम्मेदारी से व्यवहार करेंगे, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करेंगे तथा संसद के कामकाज में बाधा नहीं डालेंगे। आशा है कि यह परिवर्तन केवल पुराने संसद भवन से नए संसद भवन में स्थानान्तरण न होकर संसद के कामकाज में गुणात्मक सुधार का आधार बनेगा।

# एक देश, एक चुनाव : महत्वपूर्ण विचार

## 'एक देश, एक चुनाव' का विचार अतीत की गूंज लगता है। लेकिन रास्ते की अनेक बाधाओं के बावजूद इसे लागू करने का समय आ गया है। यह भारत में ऐतिहासिक व सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनाव सुधार होगा।



माहिनकांत दुबे
(लेखक, विधि विशेषज्ञ हैं)



भले ही यह विचार सार्वजनिक विमर्श में नया लगता हो, पर वास्तव में यह अवधारणा भारतीय लोकतांत्रिक परिवेश के शुरुआती वर्षों में पूरी तरह लागू रही है। 1952 से लेकर 1967 तक एकसाथ चुनाव सामान्य बात रही है जिसने राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्रों में एक संगति व निरंतरता सुनिश्चित की थी। लेकिन संगति के इस काल में 1968 और 1969 के बीच क्षरण शुरू हो गया जिसका कारण अनेक राज्य विधानसभाओं का समय के पहले भंग होना था। इसके प्रभाव से चुनावों का समय अपरिहार्य रूप से बाधित हुआ। हालांकि, एकसाथ चुनाव के लाभ व हानि पर जोरदार बहस हुई है, पर यह स्वीकार करना जरूरी है कि न्यायपालिका ने परोक्ष रूप से राजनीतिक स्थायित्व की आवश्यकता पर सहमति जताई जो 'एक देश, एक चुनाव' के पीछे महत्वपूर्ण तर्क है। 1992 में किहोटो होल्लोहान बनाम जाचिलू एवं अन्य तथा 1994 में एसआर बोम्मई बनाम भारत सरकार मामलों में फैसले इस संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, इन मामलों में सीधे एकसाथ चुनाव का मुद्दा विचारणीय नहीं था, पर इन फैसलों के प्रभाव दूरगामी रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने किहोटो होल्लोहान मामले में दलबदल-विरोधी कानूनों की संवैधानिकता को सही ठहराया और इस प्रकार विधायी स्थायित्व पर जोर दिया। इसी प्रकार एसआर बोम्मई मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कैबिनेट की सलाह पर अनुच्छेद 356 का प्रयोग कर राष्ट्रपति शासन लागू करने पर सवाल उठाए। उसने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों की पवित्रता पर जोर दिया। मूल रूप से इन उल्लेखनीय फैसलों ने राजनीतिक स्थायित्व पर न्यायपालिका का दृष्टिकोण स्पष्ट किया। इस प्रकार इसने अंतर्निहित रूप से 'एक देश, एक चुनाव' का विचार सही ठहराया जिसका लक्ष्य ज्यादा स्थिर व अनुमान योग्य राजनीतिक परिवेश बनाना है।

अलग-अलग चुनाव के वित्तीय प्रभाव बहुत अधिक होते हैं। लोकसभा व राज्य विधानसभा चुनावों के लिए आंकड़े आश्चर्यजनक हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि 2014 में आम चुनाव पर सरकारी खजाने से 3,870 करोड़ रुपये खर्च हुए। इस धनराशि से आसानी से अनेक महत्वपूर्ण समाज कल्याण कार्यक्रम चलाए जा सकते थे, जबकि कुल खर्च लगभग 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा। 2019 के चुनाव में खर्च और अधिक हुआ। अनुमान है कि यदि राजनीतिक पार्टियों तथा उम्मीदवारों के कुल खर्च पर गौर किया जाए तो यह 60,000 करोड़ रुपये से अधिक हुआ। यह 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अनुमानित खर्च 1998 में लगभग 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2019 में लगभग 60,000 करोड़ तक पहुंच गया। लेकिन हमें इन वित्तीय आंकड़ों के आगे भी देखना चाहिए। जनता का ध्यान आदर्श आचार संहिता-एमसीसी पर उतना नहीं जाता है जितना जाना चाहिए। चुनावों की घोषणा होते ही एमसीसी लागू हो जाती है जिससे सभी नई विकास गतिविधियां तथा नीतिगत घोषणायें ठहर जाती हैं। यदि इस तथ्य पर गौर करें कि भारत में पूरे साल भर चुनाव होते रहते हैं, एमसीसी का प्रशासन पर दीर्घकालीन नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे ढांचागत परियोजनाओं में निरंतर विलम्ब होता है, नीतियों का क्रियान्वयन अनिश्चितताओं में फंस जाता है तथा दीर्घकालीन नियोजन ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस प्रकार वर्तमान समय में लगातार लागू एमसीसी अनिवार्य रूप से प्रशासन को प्रभावित करता है।

देश को 'एक देश, एक चुनाव' माडल तक ले जाने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता होगी। संवैधानिक रूप से यह चुनौती बहुत बड़ी है। इसके लिए अनेक प्रकार के संशोधन करने होंगे। लोकसभा का कार्यकाल तय करने वाले अनुच्छेद 83-2 तथा राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल निर्धारित करने वाले अनुच्छेद 172 में संशोधन करने होंगे। हालांकि, संवैधानिक संशोधन परिवर्तन का आधार हैं, पर व्यावहारिक आयामों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। तार्किक रूप से इस परिवर्तन के लिए चुनावी ढांचे का व्यापक उच्चीकरण करना होगा। निर्वाचन आयोग को ज्यादा एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों-ईवीएम तथा वोटर वैरीफाइड पेपर आडिट ट्रेल्स-वीवीपैट की आवश्यकता होगी। इस आमूल परिवर्तन का संभावित समय क्या होगा? संविधान संशोधनों को तैयार करने और पास करवाने में दो साल का समय लग सकता है जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों से विमर्श भी शामिल है। कुछ राज्यों में पायलट चरण के लिए दो साल का समय और लग सकता है। इसमें सफलता मिलने पर अगले चरण में चार से 6 साल का अतिरिक्त समय लग सकता है। इस प्रकार हमारे सामने लगभग एक दशक का समय है जिसमें अनेक चुनावी चक्र पार करने होंगे। 'एक देश, एक चुनाव' का विचार भले ही विरोधाभासी लगता हो, पर यह उस देश की आकांक्षाओं के अनुरूप है जो अपनी लोकतांत्रिक भावना व प्रशासनिक क्षमता में संतुलन बनाना चाहता है। यह एक जटिल काम है जिसमें अनेक विधिक जटिलतायें तथा लाजिस्टिक चुनौतियां शामिल हैं। इसके बावजूद इसके संभावित लाभ इसे एक ऐसी अवधारणा बनाते हैं जिस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इसमें राजकोषीय जिम्मेदारी, प्रशासनिक स्थायित्व तथा प्रशासनिक फोकस शामिल हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण एवं जटिलदेश में यह परिवर्तन व्यापक रूप से महत्वपूर्ण होगा।

'एक देश, एक चुनाव' के अनेक संभावित लाभ हैं और ये राजकोषीय बचत से आगे जाते हैं। इस विचार से भारतीय राजनीतिक परिदृश्य के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। इस स्थायित्व से प्रशासन ज्यादा जवाबदेह व पारदर्शी हो जाएगा। लेकिन इस बारे में अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य क्या है? एक उदाहरण ब्रिटेन है जहां दशकों से 'स्नैप पोल' या त्वरित चुनाव की परिघटना चल रही है। इसका कारण अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार का गिरना या सत्तारूढ़ पार्टी का निर्णय है। इसके चलते 2011 में फिक्सड टर्म पालिर्यामेंट्स एक्ट में परिवर्तन हुआ जिसकी पैरोकारी तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने की थी। इस कानून के अनुसार आम चुनाव हर पांच साल पर मई के पहले गुरुवार को होंगे। इस संविधान ने ब्रिटिश चुनावी प्रक्रिया के बारे में अनुमान लगाना संभव हुआ है। यह उन अन्य लोकतंत्रों के लिए संदर्भ है जो अपनी चुनाव व्यवस्था को सुचारु बनाना चाहते हैं। 'एक देश, एक चुनाव' विचार क्रियान्वित करने के लिए अनेक संवैधानिक प्राविधानों में तालमेल बनाना होगा। राष्ट्रपति शासन की अनुमति देने वाले अनुच्छेद 356 तथा केन्द्र सरकार के निर्देश पाजन में विफलता पर प्रयोग होने वाले अनुच्छेद 365 निर्धारित समय में चुनाव प्रक्रिया में बाधा डाल सकते हैं। इस प्रकार संविधान संशोधन के माध्यम से इन अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होंगे ताकि एकसाथ चुनाव कराने की मजबूत विधिक नीव डाली जा सके। इसके साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग में व्यापक ढांचागत व लाजिस्टिक परिवर्तन करने होंगे। इसके लिए विस्तृत पूर्व-नियोजन जरूरी होगा। एक व्यापक डेटाबेस तैयार करना तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान सूचियां सटीक हों और लगभग 130 करोड़ जनता के लिए उपयुक्त हों। इस परिवर्तन की व्यापकता को देखते हुए कोई कह सकता है कि इसके पूर्ण क्रियान्वयन के लिए एक दशक काफी नहीं है।

यथार्थ है कि 'एक देश, एक चुनाव' एक दृष्टिकोण है जिस पर गंभीरता से विचार जरूरी है। यह बड़े पैमाने का जुआ है जिसमें असाधारण परिवर्तन की संभावना है। इसके लाभों में प्रशासनिक दायित्व, राजकोषीय जवाबदेही व प्रशासनिक सुविधा सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। इससे भारत में व्यापक प्रशासनिक परिवर्तन आएंगे। जिस देश में हर नीति तथा हर सुधार पर व्यापक बहस व आलोचना होती है, वहां निश्चित रूप से 'एक देश, एक चुनाव' बाधाओं से भरा है। लेकिन यह ऐसा विचार है जिसका समय आ गया है। भारतीय राजनेताओं को सामूहिक विवेक से एक रोडमैप तैयार करना चाहिए जो भारतीय इतिहास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनाव सुधार का मार्ग प्रशस्त कर सके।

# एक सफल नेता की विशेषताएं

> सलाह को स्वीकार करते हुए, शिष्य ने बिना किसी चूक के, बिना विचलित हुए, तलवार उठा ली। अनुचर को अद्भुत चेहरे पर तलवार चलाते देख योद्धा आश्चर्यचकित रह गया।

रवि वल्लूरि
(लेखक, रेलवे विभाग से जुडें हैं)



एक बार एक पहाड़ी की चोटी पर एक उत्कृष्ट चाय बनाने वाला बैठा था। शिल्प में उनकी कुशलता अद्वितीय थी। जिज्ञासु दर्शकों की लम्बी कतारेंए प्रशिक्षु बनने की चाह रखने वाले युवा और चाय नामक जीवन के अमृत का स्वाद चखने के इच्छुक चाय प्रेमी उनके आवास के बाहर एक आम दृश्य थे।

एक दिन एक चिड़चिड़े समुराई ने मास्टर की चाय पीते समय अपनी जीभ काँपना शुरू कर दिया। क्रोधित और क्रोधित होकर, उसने स्वामी को द्वंद्वयुद्ध के लिए चुनौती दी। मैं रणनीति और युद्ध में अनभिज्ञ हूं। मेरा पूरा जीवन चाय बनाने की कला को निखारने में बीता है, चाय बनाने वाले ने कहा। उन्होंने अपनी विरासत और प्रतिष्ठान की बागडोर अपने पसंदीदा छात्र को सौंपने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उसे अपनी तलवार देते हुए, उसने ग्रीनहॉर्न से उसी तरह हथियार उठाकर चुनौती देने वाले का सामना करने को कहाए जैसे उसने चाय का बर्तन उठाया था। सलाह को स्वीकार करते हुए, शिष्य ने बिना किसी चूक के, बिना विचलित हुए, तलवार उठा ली। अनुचर को अद्भुत चेहरे पर तलवार चलाते देख योद्धा आश्चर्यचकित रह गया। कहानी से पता चलता है कि कैसे अधिक प्रभावशाली दिखने के लिए कई कौशलों में महारत हासिल करने की कोशिश करने की तुलना में एक शिल्प में महारत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से, एक व्यक्ति एक साथ कई काम कर सकता है, लेकिन केवल अपनी कला में पारंगत होने के बाद ही।

**मुख्य योग्यता मायने रखती है**

एक विपणन रणनीति के रूप में, टाटा और रिलायंस समूह जैसे निगमों ने अपने उत्पादों के साथ इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को तहस-नहस कर दिया है। उनकी मूल योग्यता पर ध्यान कभी नहीं भटकता, भले ही वे विभिन्न उत्पाद श्रृंखलाओं में विविधता लाते हों। इमरान खान, कपिल देव, गैरी सोबर्स, करिश्माई चैपल बंधु और शॉन पोलक जैसे असाधारण हरफनमौला क्रिकेटरों ने अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट के खेल को सुशोभित किया है। आधुनिक भौतिकी के दो स्तंभों में से एक, अल्बर्ट आइंस्टीन को पियानो बजाने की उनकी क्षमता के बजाय उनके वैज्ञानिक योगदान के लिए अधिक जाना जाता है, भले ही वह बाद के शिल्प में एक शौकिया से अधिक थे।



**कौशलों को उन्नत एवं समृद्ध करना**

किसी भी विजयी नेतृत्व का खुला रहस्य विशेष विशेषज्ञता को चमकाना और फिर अज्ञात क्षेत्रों में धावा बोलना है। मनोवैज्ञानिकों ने कुछ ऐसे आकर्षक गुणों पर ध्यान केंद्रित किया है जो जश्न मनाने वाले व्यक्तियों और संगठनों को पैदल चलने वालों से अलग करते हैं। ये बौद्धिक और व्यक्तिगत कौशल हैं और रचनात्मकता को इस तरह से बढ़ाना है कि विश्व मंच पर आकर्षण का केंद्र बन सकें।

**बौद्धिक और व्यक्तिगत कौशल**

इन कौशलों में प्राथमिक है संबंध स्थापित करनेए सहानुभूति व्यक्त करने की क्षमता। अन्य संस्कृतियों, अनुभवों, मूल्यों, दृष्टिकोणों, लक्ष्यों और इच्छाओं में रुचि जगाने की चालाकी और योग्यता अत्याधुनिकता प्रदान करती है। असाधारण नेताओं के पास सबसे जटिल और पेचीदा समस्याओं को सुलझाने और समझने का अद्भुत कौशल होता है। यह अक्सर उनके जीवन और करियर का निर्णायक क्षण होता है। लायंस ऑफ द एमराल्ड आइलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने के धोनी के महत्वपूर्ण फैसले ने भारत को 2014 विश्व कप फाइनल में जीत दिलाई। आइकोनोक्लास्टिक स्टीव जॉब्स को एप्पल से निष्कासित कर दिया गया था, जिस कंपनी की उन्होंने सह-स्थापना की थी, फिर भी उन्होंने पिक्सर की स्थापना की जिसने एनीमेशन उद्योग की रूपरेखा को नाटकीय रूप से बदल दिया।

**संचारः दोतरफा प्रक्रिया**

ग्लासनोस्ट और पेरेस्त्रोइका के दृष्टिकोण से परिभाषित व्यक्तित्व विशेषताएं उपलब्धि हासिल करने वालों की केन्द्रापसारक विशेषताएं हैं। वे बोधगम्य समाधान खोजने के लिए अनुबंधों, सम्मेलनों और सिद्धांतों के दायरे से गुज़रे। निडर और साहसी व्यक्तियों या संगठनों में विचारों, भावनाओं और भावनाओं को औपचारिक और अनौपचारिक रूप से संप्रेषित करने की सर्वोत्कृष्ट क्षमता होती है। यही क्षमता उन्हें सफल नेता बनाती है।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

# शिक्षक-छात्र हिंसा और कानून

हाल के दिनों में, सोशल मीडिया स्कूलों में सांप्रदायिक विद्रोह की खबरों से भरा पड़ा है, जहां शिक्षक केवल सांप्रदायिक पहचान के आधार पर छात्रों को शारीरिक नुकसान पहुंचाते देखे जाते हैं। इससे पता चलता है कि शिक्षक-छात्र संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। शिक्षक-छात्र संबंध को हिंदू और इस्लामी धार्मिक सिद्धांतों के अनुसार पवित्र माना जाता है, शिक्षक को ज्ञान-दाता, संशोधक, या कच्चे और शौकिया विद्यार्थियों को ज्ञान के गढ़ और भविष्य के पथप्रदर्शक के रूप में डिज़ाइन करने वाला कहा जाता है। हालाँकि, हाल के दिनों में, संबंध जटिल हो गए हैं क्योंकि सामाजिक पहचान ने सामाजिक, आध्यात्मिक और शैक्षणिक संबंधों के प्रति किसी के दृष्टिकोण को निर्धारित करना शुरू कर दिया है। शिक्षक-छात्र संबंधों के सांप्रदायिकरण के कारण विरोध प्रदर्शन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भय और गुस्सा फूट पड़ा है।

मुजफ्फरनगर में, अधिकारियों ने खुब्बापुर गांव में स्थित निजी स्वामित्व वाले नेहा पब्लिक स्कूल को सप्ताह की शुरुआत में हुई एक घटना के जवाब में बंद करने के लिए त्वरित कार्रवाई की, जब एक सात वर्षीय बच्चे को अन्य विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। उसके प्रशिक्षक की दिशा। नेहा पब्लिक स्कूल की मालिक तृप्ता त्यागी पर औपचारिक रूप से भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (शारीरिक क्षति पहुंचाने से संबंधित) और 504 (सार्वजनिक शांति में अशांति भड़काने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान करने से संबंधित) के तहत आरोप लगाया गया है। स्कूल को अपना परिसर और कामकाज बंद करने का नोटिस दिया गया है. एक अन्य घटना में, दसवीं कक्षा के एक छात्र को हिंसक शारीरिक हमले के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जो कथित तौर पर जम्मू के कठुआ क्षेत्र में स्थित एक स्कूल के प्रिंसिपल और एक शिक्षक द्वारा किया गया था। यह घटना छात्र द्वारा चॉकबोर्ड पर 'जय श्री राम' लिखने के बाद हुई। जवाब में, कठुआ के उपायुक्त ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की, जिसमें उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, उप मुख्य शिक्षा अधिकारी और प्रधानाचार्य, सरकारी माध्यमिक विद्यालय खरोटे शामिल हैं। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है. स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, गलत तरीके से कारावास, जानबूझकर अपमान, भारतीय दंड संहिता की आपराधिक धमकी और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के तहत बच्चे के प्रति क्रूरता के तहत मामला दर्ज किया गया है। सरकारी अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से पता चलता है कि कानून का शासन सर्वोच्च है और भारतीय समाज धर्म और सामाजिक संबंध से परे न्याय में विश्वास करता है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और कानून का पालन करने वाले भारत में कानून और सुधारात्मक उपायों में विश्वास ही कार्रवाई की दिशा है। यह उजागर करना महत्वपूर्ण है कि कानून की अदालतों में अपना विश्वास बनाए रखना आवश्यक है और सड़क पर विरोध प्रदर्शन और सोशल मीडिया के माध्यम से मामले को अनावश्यक प्रचार नहीं देना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि ये घटनाएं हमारे देश की विविध और बहुआयामी वास्तविकता का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। सनसनीखेज आख्यानों से खुद को प्रभावित होने देने के बजाय रचनात्मक संवाद और समझ पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। आइए हम एकता के लिए प्रयास करें और इन घटनाओं के मूल कारणों को संबोधित करने की दिशा में काम करें, सभी के लिए एक अधिक समावेशी समाज को बढ़ावा दें। नफरत फै लाने वाले अपने कार्यों के लिए धर्म को बहाने के रूप में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि इस्लाम और हिंदू धर्म के सच्चे अनुयायी सभी व्यक्तियों के बीच शांति, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देते हैं। कुछ चरमपंथियों के कार्यों को इन धर्मों की शिक्षाओं और मूल्यों से अलग करना महत्वपूर्ण है। कुछ व्यक्तियों के कार्यों के लिए पूरे धर्म को सामान्य बनाना और दोषी ठहराना अनुचित है। ऐसा करना केवल रूढ़िवादिता को कायम रखता है और नफरत को बढ़ावा देता है। आपसी सम्मान और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न धर्मों के बारे में खुद को शिक्षित करना और अंतरधार्मिक संवाद में शामिल होना आवश्यक है। एक-दूसरे की मान्यताओं को समझकर और उनकी सराहना करके, हम एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# दुबई में डॉ. परदेशीराम अंतराष्ट्रीय कथा सम्मान से हुए सम्मानित



दुबई में विमोचन, वैचारिक संगोष्ठी एवं संस्कृति सत्र भी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय हिन्दी उत्सव 2023 के अवसर दुबई में आयोजित वैचारिक एवं सांस्कृतिक संगोष्ठी में हिन्दी साहित्य को अंर्राष्ट्रीय पटल पर विकसित पुष्पित एवं पल्लवित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ मित्र एवं सहयोगियों द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में छ्त्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी कथा सम्राट डॉ.परदेशी राम वर्मा को हिन्दी कथा साहित्य में विशिष्ट लेखन के लिए सम्मान प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ के भिलाई वासी लेखक डॉ. परदेशीराम वर्मा को यह प्रथम सम्मान हिन्दी दिवस पर 14 सितंबर को प्रदान किया गया। यह सम्मान हिन्दी छत्तीसगढ़ी कथा साहित्य एवं आंचलिक साहित्य में सतत बहुमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया। अकादमिक समन्वय डॉ. रविन्द्र कात्यायन एवं समन्वयक डॉ. सुधीर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. परदेशीराम वर्मा की कृतियाँ एमए हिन्दी एवं विभिन्न कथाओं के पाठ्यक्रम में शामिल है।

### हिन्दी की पहली कहानी का लेखन पेंड्रा में रहकर माधवराव सप्रे ने किया

मुख्य अतिथि डॉ. आरती लोकेश साहित्यकार एवं संपादक दुबई, डॉ. कुलभूषण व्यास वरिष्ठ साहित्यकार दुबई, डॉ. आलोक कुमार संगीत गुरू दुबई, मधुलिका लेखिका कवियित्री दुबई ने इस अवसर पर व्याख्यान दिया। वैचारिक सभा की अध्यक्षता डॉ. परदेशीराम वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी साहित्य की समृद्धि में छत्तीसगढ़ का उल्लेखनीय योगदान है। सरस्वती के संपादक महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कार्यमुक्त होते हुए छत्तीसगढ़ के ऋषि तुल्य लेखक डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी को मात्र 23 वर्ष की उम्र में चुना छत्तीसगढ़ हिन्दी के महान कवि मुक्ति बोध की साधना का अंचल हैं। हिन्दी की पहली कहानी का लेखन पेंड्रा में रहकर माधवराव सप्रे ने किया। आज के दौर में छत्तीसगढ़ के यशस्वी हिन्दी रचनाकार अपना अमूल्य योगदान देकर देश विदेश में चर्चित सम्मानित है। इस सांस्कृतिक यात्रा में साहित्यक 40 लेखकों के साथ डॉ. परदेशीराम वर्मा परिवार के महेश वर्मा, स्मिता वर्मा, राजेन्द्र साहू, नीतीश एवं खुशबू शामिल थे।

### स्मारिक दुबई में किया गया हिन्दी का विमोचन

महेश एवं राजेन्द्र साहू ने मंचीय प्रदर्शन तथा गायन प्रस्तुत कर समारोह में आए प्रतिभागियों को बहुत प्रभावित किया। इन दोनों कलाकारों के साथ ही प्रतिभागी साहित्यकारों का आत्मीय सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर स्मारिक दुबई में हिन्दी का विमोचन किया गया। इस स्मारिका में प्रतिभागी साहित्यकारों की प्रेरक रचनाओं का संपादन जेके डागर एवं डॉ. सुधीर शर्मा ने किया है। स्मारिका के प्रधान संपादक डॉ. परदेशीराम वर्मा हैं। विभिन्न रचनाकारों की पुस्तकों का विमोचन भी इस प्रथम सत्र में किया गया। काव्य संग्रह वक्त डगर की विजय गुप्ता, कहानी संग्रह जीवन की लहरें, जेके डागर, काजल मुले लिखित दोस्तों के साथ का विमोचन हुआ। इस सत्र का संचालन डॉ. तृषा शर्मा ने किया। सरस्वती वंदना सीमा अवस्थी ने किया।

### स्वागत गीत राजेन्द्र ने किया प्रस्तुत

काव्य पाठ के सत्र का संचालन विजय गुप्ता तथा मुम्बई की उर्मिला सिंह ने किया। आभार स्मिता वर्मा ने व्यक्त किया। हिन्दी का वैश्विक परिदृष्य विषय पर आयोजित सत्र के अध्यक्ष रामकुमार बेहार थे। स्वागत गीत राजेन्द्र साहू ने प्रस्तुत किया। 11 से 17 तक की इस यात्रा में दुबई तथा अबूधाबी के महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण भी प्रतिभागियों ने किया। उक्त सम्मान हेतु जनवादी लेखक संघ बालोद जिला संयोजक डॉ. अशोक आकाश, अध्यक्ष देव जोशी गुलाब अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, गजेन्द्र झा राजनॉदगॉव दिनेश गौतम बेमेतरा, चोला राम बादल हरबंश सहित छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त किये हैं।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के चौथे दिन स्वच्छ स्टेशन थीम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 19 सितम्बर 2023 को स्वच्छ स्टेशन परिसर थीम पर रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निरीक्षण एवं श्रमदान किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की सफाई सुनिश्चित की गई। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग को करने हेतु यात्रियों को सलाह दी गई। प्लास्टिक बोतल नष्ट करने वाली मशीन का कार्य करना सुचारू देखा गया रायपुर, दुर्ग, सिलयारी, कुम्हारी, भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, हथबंद, भिलाई नगर, बालोद, तिल्दा, दल्लीराजहरा, मरोदा एवं मांढर स्टेशनो सहित अन्य स्टेशनों के सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशनों के परिसरों को बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म सामान्यतः ज्यादा गंदे होने वाले जगहों की साफ-सफाई की गई तथा कचरों का निष्पादन किया गया। इसमें स्टेशन परिसर, पटरी के किनारे उगे घास- झाड़ियों, प्लास्टिक कचरे, नालियों की साफ सफाई की गई। जीरो वेस्ट कचरा मुक्त प्लेटफार्म और पटरी को लेकर अभियान चलाया गया। यात्रियों को बताया गया कि पानी की खाली बोतल, चाय-काफ़ी के डिस्पोसल स्टेशन परिसर में न फेंके, पानी की खाली बोतलों को बोतल क्रेशर मशीन में डाल दें, ताकि वह रीसाइक्लिंग कर उन्हें दूसरे उपयोग में लाया जा सके। प्लास्टिक बोतलों को क्रेशर मशीन का उपयोग कर स्वच्छता में अपना सहयोग करें इसके साथ ही दैनिक जीवन मे प्लास्टिक का उपयोग ना करने हेतु जागरूक किया गया। इसी तरह लोगो से यह भी अपील की गयी की स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में किसी भी तरह का गन्दगी न फैलाये। मंडल के सभी मुख्य स्टेशनों पर लगे सोलर पावर का निरीक्षण किया गया एवं सफाई व्यवस्था को स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से मोनिटरिंग की जा रही हैं। स्टेशन परिसर मे गंदगी फैलाने पर पेनॉल्टी की उचित व्यवस्था की गई हैं ।

# दो गुमशुदा बालिका को ढूंढने में सफल रही पुलिस




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रार्थिया ने पुलिस चौकी मारो में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की एवं इसके बेटे की लडकी केला लेने जा रहे है कहकर चले गये और शाम तक वापस नहीं आये तब आसपास के गांव एवं रिश्तेदारों के यहां पता तलाश किये लेकिन कोई पता नहीं चला मुझे आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिक जानते हुए बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं डीएसपी कौशिल्या साहू के द्वारा पुलिस चौकी मारो प्रभारी व स्टाफको गुम / अपहृता की पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान चौकी मारो पुलिस टीम ने दो नाबालिग बच्ची गुम/अपहृता (बालिका) को 18.09.2023 को जिला बिलासपुर से दस्तयाब कर बरामद किया गया है। दोनो बालिकाओ को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बालिकाओ के परिजनो ने अपने बच्ची को अपने पास पाकर बहुत खुश हुये और खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा एवं चौकी मारो पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किये। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि डी.एल. सोना, प्रधान आरक्षक राजकुमार चौबे, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, आरक्षक पुरूषोत्तम वर्मा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# दल्ली राजहरा नगर पालिका की बारिश ने खोली पोल

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 में लिटिल बर्ड एकेडमी स्कूल के सामने नगर पालिका के द्वारा घरों के सामने कांक्रीट का कार्य किया गया था किंतु नाली की सफाई व्यवस्था एवं जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण 20 सितंबर को हुई तेज बारिश से लोगों के घरों में एवं सड़क पर पानी भरकर तालाब बन गया। वार्ड क्रमांक 22 की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है हाई स्कूल नंबर 2 सड़क के दोनों ओर गंदगी फैली रहती है। सड़क के किनारे पानी भरा रहता है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं नाली की सफाई नहीं हो रही है। ना ही फागिंग मशीन चलाई जा रही है। जहां एक ओर शहर में डेंगू जैसी बीमारी का दस्तक देखने को मिल रहा है वहीं नगर पालिका की इस तरह की लचर सफाई व्यवस्था से, वार्ड वासियों के मन में नगर पालिका के प्रति असंतोष का वातावरण है। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारी रोजगार के अभाव में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। यह भी बताना लाजमी हैं कि वार्ड क्रमांक 22 नगर पालिका अध्यक्ष का वार्ड है। जिन्हें प्रत्येक वर्ष निधि के रूप में 37.50 लाख रुपए के रूप में प्राप्त होता है। सुरेश जायसवाल (पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 22) ने कहा कि वार्ड क्रमांक 22 में मछली मार्केट व श्रमिक बस्ती है। किंतु सफाई व्यवस्था के अभाव में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है जाम नालियों में गंदगी बज बजाकर रही है जिसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका के अध्यक्ष का वार्ड होने के बाद भी इस तरह की निष्क्रियता अध्यक्ष की नाकामी को दिखाता है।

# स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुआगोंदी में 1 सितंबर से 15 सितंबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां शाला स्तर पर हुई। प्रभारी शिक्षिका शिल्पी रॉय के द्वारा प्रथम एवं द्वितीय दिवस को स्वच्छता शपथ विद्यार्थीयों को दिलाया गया तथा स्वच्छता के महत्त्व एवं हाथ धोने के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए हाथ धोने के सभी चरणों को सिखाया गया। शाला के प्रभारी प्रधान पाठक एपी ठाकुर, शिक्षक विभीषण अमला एवं शिल्पी रॉय के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सामुदायिक आउटरिच दिवस, ग्रीन स्कूल ड्राइव दिवस, स्वच्छता भागीदारी दिवस आदि मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विद्यार्थीयों द्वारा शाला प्रांगण में पौधा रोपण किया गया। जल संरक्षण एवं स्वच्छता आधारित नारा लेखन, पोस्टर बनाना तथा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इस दौरान विद्यार्थीयों द्वारा गांव में पोस्टर रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय कुआगोंदी के शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी शामिल हुए। अंतिम दिवस उपरोक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर उन्हें स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सशिमं थानखम्हरिया ने जीती क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ◄ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ मा विद्यालय की बहनों ने राजनांदगॉव में आयोजित क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में विजेता का खिताब अपने नाम किया। अब वे अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेने अगले माह अरूणाचल प्रदेश जायेंगी। टीम में बहिन सिमरन सेन, पूर्वी साहू, फणिका साहू एवं काजल देवांगन शामिल थीं। सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित शतरंज स्पर्धा में अनेक वर्षों से स्थानीय विद्यालय के भैया बहन उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं तथा अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके इस उत्कृष्ट उपलब्धि में मैथिली शिक्षण समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया व्यवस्थापक राकेश जोशी सहसचिव पुरुषोत्तम अग्रवाल उपाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया प्राचार्य बृजमोहन साहू सदस्य गोपाल कागलीवाल निखिल अग्रवाल देवानंद त्रिपाठी प्रतीक सिंघानिया अमित केडिया सहित सशिमं परिवार ने बहनों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी है।

# सनातन विरोधी गतिविधि में लगी हुई है कांग्रेस : हिमंता बिश्वा शर्मा

## गणेश जी विध्न दूर करते है छत्तीसगढ़ से भी भ्रष्ट भूपेश सरकार को भी दूर करेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा की परिवर्तन यात्रा सैकड़ो किलोमीटर की यात्रा पूरी कर अनेकों आमसभा स्वागत सभा रोड शो करते हुए नवागढ़ विधानसभा में नवागढ़ नगर पहुंची। जहां पर नगर के बस स्टैंड मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया इस जनसभा में मुख्य रूप से मुख्य वक्ता के रूप में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा पहुंचे। सभा के मुख्य अतिथि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को आज के शुभ दिवस गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं जैसे गणेश जी विघ्न दूर करते है वैसे ही छत्तीसगढ़ से भूपेश बघेल की भ्रष्ट सरकार को दूर करेंगे ।साथ ही यहां बैठी माताओं को बहुत बहुत बधाई कि मोदी की सरकार के द्वारा कल तीज के अवसर पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में मिनी माताजी हमारे असम से आई थी वैसे ही छत्तीसगढ़ से रामेश्वर तेली असम गए थे और उन्होंने सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। असम के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह परिवर्तन यात्रा मां दंतेश्वरी के पावन भूमि से प्रारंभ हो कर मां महामाया की पावन भूमि में समाप्त होगी। मैं मां दंतेश्वरी और मां महामाया से साथ ही असम में विराजित मां कामाख्या से आप सभी की कुशलता के लिए प्रार्थना करता हूं और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने ऐसा मेरा प्रार्थना है। आपके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल असम चुनाव के समय असम आते हैं तो मैं असम के कांग्रेसी साथियों से पूछा की भूपेश बघेल असम क्या करने आए हैं तब उन्होंने मुझे बताया की भूपेश बघेल असम चुनाव के खर्चे के लिए पैसा लेकर के आते हैं भूपेश बघेल देश के अन्य राज्य में होने वाले चुनाव में कांग्रेस को पैसा देने का कार्य छत्तीसगढ़ को लूट करके कर रहे हैं । उन्होंने आगे कहा छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार ने गंगाजल की कसम खाकर के विभिन्न वादे जनता से किया, शराबबंदी का वादा किया बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, महिलाओं के सुरक्षा का वादा किया पर आज तक उन वादों को उन्होंने पूरा नहीं किया भारत देश में और छत्तीसगढ़ में बाकी लोग गंगा मैया को घर-घर लाते हैं पर भूपेश बघेल की सरकार ने और भूपेश बघेल ने शराब को घर-घर लाया है शराब को घर-घर परोसा है। शर्मा ने आगे कहा की छत्तीसगढ़ की सरकार ने ना ही शिक्षा की व्यवस्था की ना विकास किया, पर घोटाले जरूर किया, भूपेश बघेल की सरकार निरंतर झूठ पर झूठ बोल रही है जनता को दिग्भ्रमित कर रही भूपेश बघेल की सरकार लोगों से निरंतर झूठ बोल रही है कि वे समर्थन मूल्य धान खरीदी पर दे रहे हैं पर वह पूरा सच जनता के सामने नहीं रख रहे हैं वो ये नहीं बता रहे हैं कि 2100 केंद्र की सरकार धान के समर्थन मूल्य पर देती है और केवल 400 राज्य सरकार देती है भूपेश बघेल के अंदर हिम्मत हो तो वह पूरा सच लोगों को बताएं स्वीकार करें। बघेल ने छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का बात कहा लेकिन रोजगार देने की बात उन्होंने नहीं की आज भी 10 लाख बेरोजगारों में वे केवल 1 लाख 26 हजार बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं उनके अंदर नैतिकता है तो वह युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बजाय रोजगार उपलब्ध कराए स्वरोजगार की वव्स्था करे आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित करें क्योंकि छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा का भंडार है छत्तीसगढ़ में रोजगार के स्वरोजगार के अवसर हैं भूपेश बघेल को घोटाले करने के बजाय युवाओं को रोजगार देना चाहिए अटल बहारी वाजपेयी का स्वप्न था छत्तीसगढ़ संपन्न राज्य बने, परंतु पिछले साढे चार सालों में भूपेश बघेल की सरकार ने इसे बीमारू राज्य बना दिया है अपराध का गढ़ बना दिया है ।

# राज्य मंत्री के हाथों शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किये गए शिवकुमार बंजारे



पायनियर संवाददाता ◄ पंडरिया
www.dailypioneer.com

विकास खंड के बिरकोना संकुल अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला केशलीगोड़ान के प्रधान पाठक शिवकुमार बंजारे को शिक्षक प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मोहम्मद अकबर मंत्री छत्तीसगढ़ शासन आवास परिवहन एवं पर्यावरण वन मंत्री, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही ममता चंद्राकर विधायक पण्डरिया, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ऋषि कुमार शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा, होरीलाल साहू अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी जिला कवर्धा, कन्हैयालाल अग्रवाल क्रेडा सदस्य छत्तीसगढ़, नीलू चंद्रवंशी, नीलकंठ साहू मंडी अध्यक्ष, शोभाराम साहू, हीरामन सिन्हा, सावित्री साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला, राधेलाल भास्कर उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कबीरधाम, राजकुमार तिवारी, विरेन्द्र जांगड़े विद्यावती चंद्राकर प्राध्यापक एससीईआरटी रायपुर, महेंद्र गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, यू आर चंद्राकर सहायक संचालक, सतीश यदु एम आई सी प्रशासक, अवधेश नंदन श्रीवास्तव एपीसी कबीरधाम, संजय जायसवाल जी बीईओ कवर्धा एवं राज्य भर से आए हुए प्रतिभावान शिक्षकों की उपस्थिति में केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के हाथों प्रतीक चिन्ह,साल व प्रशस्ति पत्र देकर उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक बंजारे को विशिष्ट प्रतिभा संपन्न शिक्षक के रूप में स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार, संभागीय शिक्षा गौरव अलंकरण उत्कृष्ट प्रधान पाठक पुरस्कार, उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार, हाल में ही राज्य शिक्षक पुरस्कार से माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया है।

# भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को बनाया अपराध का गढ़ : डॉ रमन सिंह

## ऐतिहासिक जनसमूह बता रही परिवर्तन की लहर,आज पटवारी से लेकर कलेक्टर तक करप्ट

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेसिक स्कूल मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची। इस यात्रा में भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह, विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, सम्भागीय प्राभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित हुए।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बेमेतरा के लोगों के ऐतिहासिक स्वागत से मुझे अपनापन महसूस हुआ। यहां कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि बेमेतरा में कमल खिलने वाला है। तीजा के उपवास के बाद भी महिलाओं की भीड़ ने परिवर्तन की लहर दिखा दी है और हाल ही में मोदी ने महिलाओं को एक बड़ी सौगात भी दी है। भूपेश सरकार पर वार करते हुए डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि बीते 5 साल में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। हमने भाजपा शासन काल में गांव-गांव में सड़कों का जाल, नेशनल हाईवे को डेवलप करने, सिंचाई प्रोजेक्ट जैसे अनेक विकास कार्य किए हैं। लेकिन इस 5 साल में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य का विकास शून्य हो गया है। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर तंज करते हुए कहा कि पटवारी से लेकर कलेक्टर तक करप्ट है। खुद कांग्रेस का विधायक नोट लेकर बैठा है, विधायक ने तो महज लाखों की लूट की है मुख्यमंत्री तो करोड़ों के घोटाले कर रहे हैं। सब का रेट फिक्स है। कलेक्टर के



पोस्टिंग का तो ऑप्शन होता है। जो ज्यादा रेट देगा उसे वैसा जगह मिलता है। डॉ रमन ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर है। सरकारी शराब का 40 प्रतिशत पैसा भूपेश बघेल के पास जमा हो रहा है। कोयला, पीडीएस का चावल, गोबर सबमें सरकार ने घोटाले किए हैं। हाल ही में महादेव एप के जरिए हजारों करोड़ का घोटाला सामने आया है। अब कांग्रेस की चार चिन्हारी चोरी, बेईमानी, भ्रष्टाचार और लबारी है। बेमेतरा विधायक की तो चोरी की लीला ही अपरंपार है। उन्होंने कहा कि विकास 5 साल में धर्म का बार-बार अपमान हुआ है। चाहे वह कवर्धा की घटना हो या बीरमपुर की। डॉ रमन ने जो विकास कार्य कर दिया है उसे भूपेश बघेल की तीन पीढ़ियों तक नहीं कर पाएंगे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब के जीवन में सुखद परिवर्तन लाया है। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि बीते 5 साल में केवल भ्रष्टाचार हुआ है। बेमेतरा जिला में हिंदू धर्म के साथ अत्याचार साक्षात है। लव जिहाद के चलते निर्दोष भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई, जिसमें आज तक गिरफ्तारी तक नहीं हो पाई है। भूपेश सरकार में हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलना तक मुश्किल हो गया है। जो छत्तीसगढ़ भाजपा शासन काल में शांति का टापू था वह आज अपराध का गढ़ बन गया। इस सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए कर्ज माफी, धान के समर्थन मूल्य, बार दाने के पैसे जैसे अनेक मामलों में जनता को छला है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, अमित चिमनानी, संध्या परगनिहा, परमेश्वर वर्मा, भीम वर्मा, पुष्पा साहू, विकास घरडे, विजय सिंहा,, ललिता साहू, प्रहलाद रजक, बलराम पटेल, छोटू साहू, यशवंत वर्मा, पोषण वर्मा ,हर्ष तिवारी, निशा चौबे ,योगेश वर्मा,राकेश मोहन शर्मा,विजय सुखवानी,संतोष वर्मा, युगल देवांगन, तारण राजपूत, निखिल साहू, विनय साहू धर्मेंद्र साहू,गोपी देवांगन, तुषार साहू,केशव साहू, पुण्यांश श्रीवास्तव,रामावतार साहू, शेखर देवांगन, दोहाई वर्मा, दिना साहू, अभिनव राजपूत, यशवंत लहरे, शिव साहू, लक्ष्मण यादव, साधे लाल, कमलेश वर्मा, गोलू कोसले,सहित जनसमूह उपस्थित रहे।

# सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र जारी करवाने की मांग



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में नवनियुक्त सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया और बालोद विधायक संगीता सिन्हा को सहायक शिक्षक के रिक्त पदो पर जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र जारी करवाने की मांग की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों ने बताया की शासन स्तर से नवीन पदों पर भर्ती विशेष रूप से सरगुजा व बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के लिए निकाली गई है ताकि इन क्षेत्रों में नवीन शिक्षको की नियुक्ति कर शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सके। जिसके लिए जल्द भर्ती का आग्रह कराने नवनियुक्त चयनित सहायक शिक्षक अभ्यार्थियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया और विधायक संगीता सिन्हा को अपने मांग पत्र प्रस्तुत किया है। इस विषय पर अनिला भेड़िया और संगीता सिन्हा ने सकारात्मक पहल किया है।

# आखिर कार बिर्रा थाना मे लंबे समय से जमे विवादित आरक्षक को थाना प्रभारी ने दी रवानगी

## पायनियर मे खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने खबर पर लिया संज्ञान







पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बिर्रा थाना मे पदस्थ विवादित आरक्षक को आखिर कार बिर्रा थाना प्रभारी ने चाम्पा थाना मे आमद देने के लिये रवानगी दे दी है पुरा मामला बिर्रा थाना मे लंबे सयम से विवादित आरक्षक से जुडा हुआ है जांजगीर चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक ने 29 अगस्त को जांजगीर चांपा जिले के विभिन्न थानों में लंबे समय से जमे पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया था पर स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी आरक्षक ने बिर्रा थाना से अपना रवानगी लेकर चाम्पा थाना मे ज्वाइन नही किया था जिसे लेकर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष ने आरक्षक का स्थानांतरण होने बाद भी रवानगी नही होने भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष मे बिर्रा थाना के सामने धरना करने की बात कही थी आप को बता दे की भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सहित प्रतिनिधियों ने आरक्षक पर आरोप लगाया था की वही शराब तस्कर अवैध चखना सेंटर संचालकों को संरक्षण देता है जिसके चलते बिर्रा थाना क्षेत्र में अपराध बढता जा रहा था ।

> आरक्षक को बिर्रा थाना से रवानगी दे दिया गया है।
> **कृष्णपाल सिंह,थाना प्रभारी बिर्रा**

### लंबे समय से जमे होने से की वजह से अपराधिक प्रवित्ती के लोगो से हो गई थी साठ गांठ

आरक्षक के लंबे समय से जमे होने के कारण वहां के तमाम जुवाडियो, सट्टा बाजों शराब तस्करी करने वाले लोगो के साथ साठ गांठ कर उनको संरक्षण देने का आरोप भीम आर्मी के प्रतिनिधियों ने लगाया था और आरक्षक का बिर्रा थाना से स्थानांतरण कर उसे अन्य जगह पदस्थ करने की अपील जिले के पुलिस अधीक्षक से की थी और स्थानांतरण नही होने की स्थिति में बिर्रा थाना के सामने धरना प्रदर्शन करने की बात कही थी जिस पर पुलिस अधीक्षक से आरक्षक का स्थानांतरण बिर्रा थाना से चाम्पा थाना कर दिया था पर आरक्षक का मोह बिर्रा थाना से नही छूट रहा था वह स्थानांतरण आदेश जारी होने के लगभग 22 दिन बाद भी बिर्रा थाना मे पदस्थ होकर अपना राज चला रहा था पर जब इस बात की जानकारी पायनियर के प्रतिनिधि को लगी तो इसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की जिसके बाद बिर्रा थाना प्रभारी ने आरक्षक को बिर्रा थाना से रिलिफकर दिया है।

# 3 दिवसीय स्टेट कराते चेम्पियनशिप 2023 का समापन

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




टेम्पल सिटी शिनरीनारायण की पावन धरा में हो रहे 3 दिवसीय स्टेट कराते चेम्पियनशिप 2023 का समापन बड़े ही गौरव पूर्ण सम्पन हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक कराते एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ व जांजगीर चंपा जिला थे यह कार्यक्रम 17 तारीख से सुरु हुआ था और 19 तारीख को कैबिनेट मंत्री रामकुमार पटेल, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि पार्षद मनोज तिवारी, कोंग्रेस के प्रदेश सचिव संदीप अग्रवाल, पार्षद, सागर केशरवानी, वरिष्ठ शिक्षक, ओमप्रकाश शर्मा, राममोहन साहू,गोपाल मानिकपुरी, सहित कई बड़ी हस्तियों की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न हुआ इस तीन के कार्यक्रम में बिलासपुर से इस कराते संघ के संरक्षक पलक जायसवाल और उनके साथ महिला कोंग्रेस की अध्यक्ष सिमा दुबे सहित राज्य के कई जगहों से अतिथियो ने कार्यक्रम में शिरकत किया और बच्चो खेल की सराहना कर उन्हें प्रोत्साहित किया और अपना आशीर्वाद बच्चो को दिया तीन दिन के इस कराते के महासंग्राम में कई जिले के छोटे बड़े बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया था और उनमें से कइयों ने फाइट, या काता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना प्रथम स्थान द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता व कोच एवं अपने जिले का नाम रौशन किया है जीतने वाले सभी खिलाड़ीयो के द्वारा गोल्ड, सिल्वर, व ब्रॉन्ज मैडल पहना कर उनको बधाई देकर उन सभी हौसला अफजाई किये इस कार्यक्रम के मीडिया पार्टनर के रूप में शिवरीनारायण प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरली नायर, विनोद केशरवानी, मेलाराम कश्यप, अजय केवट, प्रकाश मानिकपुरी, देवेंद्र यादव, बालेश्वर कश्यप, सन्नी लहरे, अमेश जांगड़े, सहित कई वरिष्ठ पत्रकार कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिए थे जिनका कराते एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों, और मुख्यातिथियो शाल स्मृति चिन्ह व प्रस्सती पत्र देकर उनका मंच में सम्मान किया 3 दिनों की इस खेल में किसी खिलाड़ी को खेल के दौरान किसी भी प्रकार की चोट या दर्द के तुंरन्त उपचार के लिए कराते एसोसिएशन की मेडिकल कमीशन की चेयरमेन डॉ दिव्या सिंह मौजूद रही और खिलाड़ियों का उपचार किया छत्तीसगढ़ कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील चंद्रा,सचिव अविनाश सेठी,ज्वाइन्ट सेक्रेटरी रामु भेंना, टेक्निकल डायरेक्टर नितिन सिंह ने बताया कि आने वाले दिसंबर लास्ट या जनवरी माह में दिल्ली में होने वाले नेसनल स्तरीय कराते चेम्पियनशिप का आयोजन शिवरीनारायण के इस पावन धरा में कराने की संभावना है जिसमें पूरे देश भर से कई हजार खिलाड़ी शिवरीनारायण में पहुंचेंगे।

# जिला देवांगन कल्याण समाज सक्ति के जिला अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



जिला देवांगन कल्याण समाज शक्ति के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन किया है, जिसमें उपाध्यक्ष के पद पर बेलादुला के हेतराम देवांगन,दरसराम देवांगन जैजैपुर, अरविंद देवांगन शक्ति, तोष कुमार देवांगन शक्ति, सचिव बुद्धार देवांगन उमेश शक्ति, कोषाध्यक्ष योगेश देवांगन नंदौर खुर्द, सह सचिव रेवाशंकर देवांगन टेमर,छतलाल देवांगन अड़भार, नूतन प्रसाद देवांगन शक्ति, रमेश देवांगन, मीडिया प्रभारी सतीश देवांगन शक्ति, विधि सलाहकार कृष्ण कुमार देवांगन अधिवक्ता शक्ति, जिला कार्यकारिणी सदस्य में-राकेश देवांगन रानी सागर पारा ,धनसाय देवांगन रानी सागर पारा, मणिशंकर देवांगन टेमर, राकेश देवांगन शक्ति, घनश्याम बाबा शक्ति, द्वारिका देवांगन, लोकेश देवांगन अड़भार, शिवकुमार देवांगन ओढेकेरा, आनंद राम देवांगन अड़भार, केशव देवांगन झुलकदम, हरेंद्र देवांगन शक्ति, देवेंद्र देवांगन शक्ति, कृष्ण लाल देवांगन टेमर, कमल किशोर देवांगन टेमर, राजकुमार देवांगन महामाया अखराभाटा, सुभाष देवांगन महामाया अखराभाटा, भेषज देवांगन डभरा, गिरजा चरण देवांगन डभरा, गोवर्धन देवांगन डभरा, महेंद्र देवांगन पोरथा, गेमचंद देवांगन रायपुरा, विनोद देवांगन रायपुरा, दुर्गेश देवांगन सोंठी, प्रेम देवांगन सोंठी, रामसजीवन देवांगन कसेरपारा, अश्वनी देवांगन कसेरपारा, चेनूलाल देवांगन टेमर, संतोष देवांगन टेमर, कीर्तन लाल देवांगन मोहन्दी कला, उत्तम देवांगन मोहंदी कला, अशोक कुमार देवांगन जैजैपुर, मनीराम देवांगन जैजैपुर,जगसाय देवांगन सकर्रा,लक्ष्मी नारायण देवांगन नन्दौर खुर्द, प्रहलाद देवांगन शक्ति, पुरुषोत्तम देवांगन शक्ति, एवं सोनसाय देवांगन नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर बनाए गए हैं, जिला अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने जिला देवांगन कल्याण समाज शक्ति की नवगठित कार्यकारिणी की सूचना प्रेषित कर दी है, तथा जिला कार्यकारिणी के गठन पश्चात पदाधिकारी सदस्यों को नए दायित्व के लिए बधाई दी गई है।

# मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मंडी शक्ति के अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने 19 सितंबर को शक्ति विकासखंड के ग्राम नंदौर कला में मंडी बोर्ड से बनने वाली लगभग 10 लाख 73 हजार की लागत वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किया, इस अवसर पर विधिवत नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ तथा उपरोक्त सड़क निर्माण विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह की पहल पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास की अनुशंसा से स्वीकृति मिली है, ग्राम वासियों एवं किसानों ने जहां इस भूमि पूजन समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष महंत का आभार व्यक्त किया,तो वहीं कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि महंत जी द्वारा पूरे क्षेत्र में विकास के काम करवाए जा रहे हैं एवं किसानों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके, इस दिशा में काम हो रहा है, भूमि पूजन समारोह के दौरान के प्रमुख रूप से मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू, गांव के सरपंच सुरेंद्र कुमार राठौर, कृष्णा राठौर, लाला राठौर, धीरज प्रसाद दुबे, लेखराम राठौर,चंद्रकांत साहू, सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# निगम सफाई कामगारों की हड़ताल के कारण चरमराई सफाई व्यवस्था के बावजूद डेंगू से निपटने निगम सजग

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम के जन प्रतिनिधियों ने सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने घर घर जाकर आग्रह किया जा रहा है। वही डेंगू प्रभावित घरों में जाकर संपर्क किया और एहतियात बरतने जागरूक किया साथ ही सफाईकर्मी के हड़ताल पर सफाई व्यवस्था में स्वयं जागरूक होकर सहयोग प्रदान करने अपील किया है। विगत एक सप्ताह से रायगढ निगम के सफाई कर्मचाती हड़ताल पर है जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित रही है वहीं इन दिनों डेंगू का प्रकोप भी बढ़ गया है। चूंकि डेंगू, मच्छर से ही होता है और साफ सफाई न होना विशेष रूप से ठहरे पानी में ही इनकी वृद्धि होती है अतः लोगों को घर घर जाकर अपने घरों और आसपास पानी एकत्र न होने की सलाह दी गई। व इस रोग से निपटने और इसके लक्षणों के विषय मे बताया गया और आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल में जाने से निगम प्रशासन द्वारा दूसरी सफाई टीम को भी सफई बाबत रखा था और उन्हें सुरक्षा देने हेतु पुलिस से भी मदद ली थी लेकिन पूर्व के सफाई कामगारों ने विवाद कर दूसरी टीम को भी काम नहीं करने दिया व उन्हें काम से वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। ऐसी स्थिति का सामना कर थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है अतएव निगम आमजनों से अनुरोध भी करती है सफाई व्यवस्था दुरुस्त होते तक अपना सहयोग बनाए रखें।

# एक्सिस बैंक डकैती मामले में आरोपी गिरफ्तार बलरामपुर पुलिस ने पकड़ा, नगदी रकम जब्त

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



कट्टे की नोक पर एक्सिस बैंक में हुए करोड़ो की डकैती मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिल गई है। इस वारदात को अंजाम देकर ट्रक से झारखंड भाग रहे 4 आरोपियों को बलरामपुर पुलिस ने जांच के दौरान गिरफ्तार करते हुए लूट की रकम के अलावा चोरी की कार भी जप्त की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक्सिस बैंक में मंगलवार की सुबह 8:45 बजे दिनदहाड़े फिल्मी अंदाज में हथियार के दम पर करोड़ो की डैकती करने वाले आरोपियों ने सनसनी मचा दी। इस घटना से रायगढ़ पुलिस हाई अलर्ट मोड़ में आ गई थी। इस घटना के बाद बिलासपुर संभाग के आईजी अजय यादव भी रायगढ़ पहुंच कर आरोपियों को पकड़ने पुलिस की 12 अलग-अलग टीम गठित की गई थी, साथ ही जिले में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पतासाजी के साथ साथ सायबर सेल हर पहलू से आरोपियों तक पहुंचने में लगी थी। साथ ही साथ इस बड़ी घटना को देखते हुए आसपास के जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों के पुलिस को भी इस घटना से अवगत कराते हुए अलर्ट रहने को कहा गया था। इसी बीच देर रात झारखंड छत्तीसगढ़ की सीमा रामानुजगंज में जांच के दौरान बलरामपुर पुलिस ने बैंक डकैती मामले में ट्रक क्रमांक ओड़ी 09 बी 3677 से झारखंड भाग रहे 4 आरोपियों को पकड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है। पुलिस ने इनके पास बैग में रखे करोड़ो की नगदी, घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।

# 38 वें चक्रधर समारोह का हुआ गरिमामयी शुभारंभ

- त्रि-दिवसीय आयोजन में दिखेगी कला के विभिन्न रूपों की झलक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



38 वें चक्रधर समारोह का कल नगर निगम ऑडिटोरियम में शुभारंभ हुआ। विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक व विधायक धरमजयगढ़ ने दीप प्रज्जवलित कर 38 वें चक्रधर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक रायगढ़ नायक ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह अपने 38 वें बरस में पहुंच गया है। लंबे अंतराल के बाद शहर का गौरव चक्रधर समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इससे कला बिरादरी में उत्साह है। इस आयोजन के माध्यम से कला के विविध रूपों से रूबरू होने का मौका दर्शकों को मिलेगा। उन्होंने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं दीं। विधायक धरमजयगढ़ ने कहा कि रायगढ़ सुर ताल की नगरी है और चक्रधर समारोह ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाई है। इसके आयोजन से कलाकारों की प्रतिभा से परिचित होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल व महापौर जानकी काटजू ने भी संबोधित किया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर कहा राजा चक्रधर सिंह स्वयं एक उम्दा कलाकार थे साथ ही कलाकारों के उदार संरक्षक थे। उन्होंने कुंवर भानुप्रताप सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस बार नवोदित प्रतिभाओं को अधिक से अधिक मौके देने का प्रयास किया है। जिससे उदीयमान कलाकारों को प्रोत्साहन मिले। रायगढ़ कला मर्मग्यों की नगरी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की पहल पर यहां रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसे राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली। रायगढ़ कलाकारों के साथ साहित्यकारों की नगरी है। शहर के ग्रन्थालय को हाई टेक सुविधाओं के साथ विकसित किया है। न केवल रायगढ़ बल्कि जिले के विकासखंड मुख्यालयों में ग्रन्थालय तैयार किए गए हैं। जिससे युवा पीढ़ी अपना भविष्य संवार सकें। इस अवसर पर कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता, राजपरिवार से उर्वशी देवी सिंह, अनिल शुक्ला सहित शहर के गणमान्य नागरिक व कला प्रेमी उपस्थित रहे।

# राम वन पथ गमन पदयात्रा लेकर सकती, बाराद्वार पहुंचे मनोज चतुर्वेदी



पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

राम वन पथ गमन की जानकारी देने पैदल पदयात्रा पर निकले मनोज चतुर्वेदी का आगमन हुआ,इस दौरान शहर की प्रवेश सीमा में अन्नपूर्णा बाराद्वार के संचालक महेश शर्मा एवं राम भक्तों ने उनका स्वागत किया तथा उनके साथ पैदल चलते हुए शक्ति तक पहुंचे एवं 19 सितंबर को बाराद्वार शहर के श्री अग्रसेन भवन में मनोज चतुर्वेदी ने लोगों से चर्चाएं की एवम सत्संग भी हुआ जिसमें शहर वासी उपस्थित थे,इस अवसर पर मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि दोस्तो नमस्कार मैं मनोज चतुर्वेदी एक नई यात्रा लेकर आपके बीच आया हूँ,एक एसी यात्रा जिसकी परिकल्पना स्वयं महादेव ने की होंगी,ऐसी यात्रा जो इससे पहले स्वयं भगवान ने की हो,जिस पर चलकर एक पुत्र ने पिता के वचन का मान बढ़ाया,जिस मार्ग पर चलकर सत्य ने असत्य पर विजई पाई हो,जिस यात्रा ने वनवासी एवं आदिवासियों का मान बढ़ाया,और उसी मार्ग पर चलकर हम अपने आपको शाश्वत कर सके,जी हां राम वन पथ गमन के दंडकारण्य क्षेत्र का जहां हमारे श्री राम मां सीता और लखन लाल ने वनवास के दौरान 10 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत किया।आज के समय में जब लोगों के अंदर धार्मिक क्षेत्र एवं पर्यटन के प्रति सकारात्मक भाव तथा लोगों में नए स्थानों में जाने एवं उसे देखने और महसूस करने का बहुत ज्यादा उत्साह है,मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे समय में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्री राम वन पथ गमन मार्ग को पुनः जीवंत कर हमारी धार्मिक भावनाओं का जो सम्मान किया गया, उसके लिए हम भूपेश सरकार के आभारी है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली जागरूक महिलाओं का सम्मान एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जांजगीर परियोजना अंतर्गत शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं मतदान के महत्व के बारे में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से तीज लायंस क्लब जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला पुलिस के बीच जनसहयोग से मिलन समारोह, महिला मतदाता जागरूकता समारोह का आयोजन एवं समाज के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाली जागरूक महिलाओं का सम्मान एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया जांजगीर परियोजना अंतर्गत जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर मे स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप शुक्ला, प्राध्यापक एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. हरप्रीत कौर, परियोजना अधिकारी विकास सिंह, विप्लव संस्था से दीपक यादव, सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी निशा खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता, नवीन मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड बनाने एवं मतदान मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और शत् प्रतिशत् मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्वीप संबंधी जागरूकता के अतिरिक्त अभिव्यक्ति एप के बारे मे जानकारी दी गयी। सभी बालिकाओं से अभिव्यक्ति एप उनके मोबाईल फोन पर डाउनलोड कराया गया तथा उपयोग करने संबंधी दिशा निर्देश दिया गया। प्राचार्य द्वारा बालिकाओं को आयोजित कार्यक्रम मे अधिक से अधिक सहभागिता निभाते हुए अपने व सामाजिक जीवन मे प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। एनएसएस प्रभारी एवं स्वीप प्रभारी द्वारा बालिकाओं को अभिव्यक्ति एप, अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने, व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दी गई। विप्लव संस्था से आये अतिथि द्वारा बताया गया कि उनकी संस्था द्वारा भी सभी सामाजिक क्षेत्र मे इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर जनजागरूकता के साथ स्वीप का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी द्वारा बताया गया कि सखी वन स्टॉप सेंटर का कार्यालय जांजगीर मे जिला पंचायत के सामने है जहां महिलाओं को आवश्यकतानुसार मानसिक, शारीरिक, स्वास्थ्य गत, विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।



## कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

E-mail : cmonpkharod@rediffmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्र./951/न.प./लो.नि.वि./2023-24 खरौद, दिनांक 20/09/2023

### // मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों नगर पंचायत खरौद हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न कार्य हेतु भण्डार क्रय नियत तथा सी.जी.पी.डब्लू.डी. भवन एवं सड़क 01.01.2015 एस.ओ.आर. दर पर (समस्त संसाधनों के साथ) कम/अधिक या समान दरों फार्म "A","B","C" में तीन लिफाफा पद्धति में बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार की जावेगी। समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

01. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 10/10/2023 समय 5:00 बजे सायं तक।
02. निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 12/10/2023 समय 5:00 बजे सायं तक।
03. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 20/10/2023 समय 5:00 बजे सायं तक।
04. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - 20/10/2023 समय 5:15 बजे सायं तक।

| स.क्र. | कार्य का विवरण एवं मद | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2022-23 अध्यक्ष निधि से शासकीय आंगनबाड़ी, शालाओं (वार्ड क्रमांक 01,02,03, 04,05,06,07, 08, 09,10) (10 शाला में) विद्यार्थियों के बैठक हेतु व्यवस्था फर्नीचर क्रय। | 18.98/- | 57,000/- | 750/- | 02 माह |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 एल्डरमेन एवं पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 13 शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल, अनिवार्य प्राथमिक शाला एवं शासकीय खाल्हे पारा स्कूल में विद्यार्थियों के बैठक हेतु व्यवस्था फर्नीचर क्रय। | 19.74/- | 60,000/- | 750/- | 02 माह |

उपरोक्त सामाग्री प्रदाय/निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत खरौद**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

# मुख्यमंत्री बघेल ने सीतामढ़ी हरचौका में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का किया अनावरण

## 360 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण, भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उस पुण्य धरती पर पहुँचे जहाँ से पहली बार वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था। बघेल ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सीतामढ़ी हरचौका में श्रीराम से जुड़े स्थलों में दर्शन किये और 7 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से निर्मित राम वनगमन पर्यटन परिपथ के कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनकपुर में सौ बिस्तर अस्पताल बनाने की घोषणा भी की। साथ ही उन्होंने केलहरी से हरचौका तक सड़क चौड़ीकरण की घोषणा भी की। इस मौके पर उन्होंने मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले को 359 करोड़ 83 लाख रुपए के 325 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन कर सौगात दी। इनमें 156 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत के 160 कार्यों का लोकार्पण और 203 करोड़ 36 लाख रुपए के 165 कार्यों का भूमिपूजन भी शामिल है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर मवई नदी के किनारे सीतामढ़ी-हरचौका में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत 07 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत से राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास के कार्य कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान श्रीराम की विशाल प्रतिमा, रामायण व्याख्या केन्द्र, कैफेटेरिया, सियाराम कुटीर, पर्यटक सूचना केन्द्र, नदी तट एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण भी किया। साथ ही विभागीय स्टाल का अवलोकन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में तेजी से बदलाव हो रहा है। भगवान श्रीराम हमारी प्रेरणा रहे हैं। उनके आदर्शों पर चलने के लिए उनकी स्मृतियों को सहेजने के लिए हम श्रीराम वनगमन पर्यटन परिपथ का विकास कर रहे हैं। हमने चंदखुरी में माता कौशल्या मंदिर के परिसर का विकास किया है। यह दुनिया में एकमात्र माता कौशल्या का मंदिर है। शिवरीनारायण, राजिम, रामगढ़, सिहावा में हम भगवान श्रीराम से जुड़े पुण्यस्थलों का लोकार्पण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग लगातार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को राष्ट्रीय फ्लक में दिखाने का प्रयास किया। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के माध्यम से श्रीराम से जुड़े आदर्शों की प्रस्तुति हुई। हमारी बोली भाषा को सहेजने का कार्य हुआ। बोरे बासी जैसी हमारी खाद्य परंपरा फिर से स्थापित हुई। अब तो अफसर भी चाव से बोरे बासी खाते हैं और सोशल मीडिया में इसके पोस्ट करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभा में बताया कि सितंबर महीने के अंत में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त अंतरित कर दी जाएगी। राजीव गांधी किसान न्याय योजना और इस तरह की अन्य योजनाओं के माध्यम से अब तक 01 लाख 75 हजार करोड़ रुपए की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले आपके जिले में बिजली मध्यप्रदेश से आती थी अब बिजली आपके प्रदेश से ही आती है। हमने नया जिला, नया अनुविभाग इसलिए बनाया ताकि तरक्की तेजी से हो सके। आपके जिले में हमने 1260 करोड़ रुपए के विकास कार्य किये हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस परिपथ का लोकार्पण गणेश चतुर्थी के मौके पर हो रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम हमारे आदर्श हैं। उनकी स्मृतियों को सहेजने का बहुत अच्छा कार्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष को भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने तीरधनुष भेंट किया। बालीवुड की प्रसिद्ध गायिका तृप्ति शाक्या द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, संसदीय सचिव व बैकुण्ठपुर विधायक अम्बिका सिंह देव, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, संसदीय सचिव व सामरी विधायक चिंतामणि महाराज, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास, पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# महिला बाल विकास ने किया पोषण ट्रेकर एप्प विकसित



पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समय की मांग अनुसार सूचना प्रोद्योगिकी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर के समस्त कार्यों को ऑनलाईन प्रविष्टि करने के उद्देश्य से पोषण ट्रेकर एप्प विकसित किया गया है। इस एप्प के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर संधारित समस्त पंजीयों को समाप्त कर केन्द्र की समस्त जानकारी ऑनलाईन किये जाने के उद्देश्य से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाईल फोन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अनुक्रम में आज दिंनाक-20.09.2023 को प्रतापपुर विधान सभा अंतर्गत क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डा0 प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा प्रतापपुर के संस्कृति भवन में परियोजना प्रतापपुर के कार्यकर्ताओं को मोबाइल वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, प्रभारी परियोजना अधिकारी प्रतापपुर, समस्त पर्यवेक्षक, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, विभागीय अमला एवं बड़ी संख्या में आम जन मानस उपस्थि रहें।

# खेलों इंडिया वुमेंस लीग प्रतियोगिता में 13 वर्षीय प्रियंका कुड़ियम ने दिखाया अपना जौहर



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर के बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में 17 सितम्बर को खेलो इंडिया वुमेंस लीग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स एकेड़मी की 13 वर्षीय प्रियंका कुड़ियम ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीजापुर तुमनार की रहने वाली प्रियंका ने 18 साल से ऊपर के खिलाड़ियों को हराकर बीजापुर का नाम रौशन किया जिसे देख द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित जस्वींदर सिंह भाटिया ने प्रियंका कुड़ियम को एक्सीलेंस एथलेटिक्स एकेड़मी बिलासपुर के लिए चयन किया। बिलासपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ी समेत कोच संदीप गुप्ता शामिल थे। खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आगामी विधानसभा निर्वाचन को मददेनजर रखते हुए बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिले में विधानसभा आम चुनाव-2023 की तैयारी हेतु कार्यवाहियां प्रारंभ कर दी गई है तथा जिलें कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाओं की आवश्यकता निर्वाचन कार्य हेतु है। यदि कतिपय अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी आदेश जारी या तामिल नहीं हुआ है तो भी इसका तात्पर्य यह न समझे की निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त हैं उनकी ड्यूटी या तो लगाई जा रही है या उन्हें रिजर्व में रखा गया हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा जिले के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अद्योहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ेगें और न ही अवकाश पर प्रस्थान करेंगे।

# स्वच्छता पखवाड़ा : नपा ने किया सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और जन सुविधा कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com




इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा मनाए जा रहे। स्वच्छता पखवाड़ा में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल एवं स्वच्छता कैप्टन प्रवेश गोयल की उपस्थिति में किया गया है।

जिसमें सभी स्वच्छता कर्मी, मितानिन, स्वच्छता कमांडर समेत विभिन्न हितग्राहियों एवं उनके परिवार जनों के लिए स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं उपचार हेतु मोबाइल मेडिकल यूनिट, शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करने हेतु विशेष कैंप आयोजित किया गया और सफाई कर्मचारियों को पी.पी.ई किट व ड्रेस वितरण किया गया। इस संबंध में स्वच्छता परियोजना के प्रबंधक पंकज गवेल ने बताया कि इंडियन स्वच्छता लीग के तहत सूरजपुर नगर पालिका के द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बृहद कार्य योजना पर कार्य कर रही है शासन की मंशा के अनुरूप निकाय क्षेत्र में कार्यरत स्वच्छता दूत, स्वच्छता दीदी एवं सफाई कामगार के साथ-साथ मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं समेत विभिन्न हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ कैंप लगाकर उपलब्ध कराया गया साथ ही उनके और उनके परिवार जनों के स्वास्थ्य की जांच परीक्षण और उपचार की भी व्यवस्था की गई है इस शिविर के माध्यम से 160 सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर शहरी विकास अभिकरण के प्रबंधक प्रवीण घोष, पीआईयू पंकज गवेल, एपीएम रेणुका बंजारा एमएमयू चिकित्सक डॉ सुभाष राज समेत अन्य की भूमिका सराहनीय रही।

# आईडीबीआई बैंक अपनी लोकप्रिय 'अमृत महोत्सव' एफडी योजनाओं के लिए उत्सव ऑफर लेकर आया

IDBI BANK

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आईडीबीआई बैंक अपनी लोकप्रिय 'अमृत महोत्सव एफ डी' योजनाओं पर उत्सव ऑफर लेकर आया है। इस सीमित अवधि के ऑफर में 444 दिन की एफडी पर 7.75त्न प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज दर दी जा रही हैं। इसके अलावा 375 दिन की एफडी के लिए 7.60त्न प्रति वर्ष की दर पेश की जा रही है। यह फेस्टिव ऑफर 31 अक्टूबर, 2023 तक सीमित अवधि के लिए उपलब्ध होगा।

इसके अलावा, बैंक ने '271 दिन से 1 वर्ष से कम' समय में परिपक्व होने वाले एफडी के लिए ब्याज दर 50 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) बढ़ाकर 6.75त्न प्रतिवर्ष की अधिकतम ब्याज दर पेश की है।

# सीआरपीएफकैम्प में हुआ श्री गणेश स्थापना

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



गणेश चतुर्थी के अवसर पर रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि. पु. बल के दिशा निर्देश पर 02 बटा0, सी.आर.पी.एफ के कैम्प परिसर में गणेश चतुर्थी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का स्थापना कर इस पावन पर्व को बड़े धुम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के आराधना स्थल में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का मंत्रोच्चार के साथ स्थापना किया गया साथ ही पूजा व तद्रोपरान्त प्रसाद वितरण का कार्यकम किया गया । गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में 02 बटा0, के.रि. पु. बल के वाहिनी मुख्यालय कैम्प शबरीनगर सुकमा, बी समवाय कैम्प फुलबगड़ी, सी सवमाय कैम्प गादीरास, ई समवाय कैम्प कोर्स, एफ समवाय कैम्प रामाराम व जी समवाय कैम्प गोरगुण्डा में भी पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, टी. सैमसन राजू उप कमाण्डेन्ट, राजेन्द्र कुमार सहा. कमाण्डेन्ट एवं के.रि. पु. बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे।अंत में रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के. रि. पु. बल ने वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों, सभी समवाय अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों को गणेश चतुर्थी को सफल बनाने के लिए अभिवादन किया तथा उनके और उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी ।

# मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ने की अपने ही बहन की हत्या

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com





### घर मे बंधे बकरा को भी अधमरा कर दिया

रामानुजनगर थाना क्षेत्र में एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है,,जहाँ एक भाई ने अपनी 16 वर्षीय बहन पर टांगी से वारकर हत्या कर दिया, साथ ही घर में बंधे बकरे पर भी हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया है। जानकारी के मुताबिक़ पुरा मामला रामानुजनगर थाना के ग्राम पंचवटी गांव का है, जहां आरोपी बिलास सिंह अपने बीवी बच्चों के साथ अपने घर से अलग घर में रहता था,,वही कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार भी था, ऐसे में आरोपी उसी गाँव के पंडोपारा में रहने वाले अपने पिता के घर आया था, जिसे ढूंढते हुए आरोपी की पत्नी भी वहाँ आ गई, जहाँ रात होने की वजह से वहीं खाना खाकर सभी सोने चले गए तभी अचानक आरोपी का दिमागी संतुलन बिगड़ गया और टांगी लेकर दौड़ाने लगा,,जिसे देख घर के सभी लोग भाग गए, लेकिन 16 साल की बहन करमातो कुमारी घर से नही निकल पाई और उस पर टांगी से वारकर दिया जहा मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

इस दौरान आरोपी घर पर ही इधर उधर टांगी लहराता रहा और बेहद गुस्से में नज़र आ रहा था,, तभी आरोपी की नज़र घर पर बंधे बकरे पर पड़ी जिसे देख बकरे के गर्दन, व कान पर जबदस्त हमला कर दिया जिससे बकरा भी मरणासन्न स्तिथि में पहुंच गया, ऐसे में परिवार के सदस्य भी असहाय नज़र आये आसपास के लोगो से मदद मांगने की कोशिश करते रहे।

ऐसे में सुबह परिजनों द्वारा किसी तरह पुलिस को सूचना देने के बाद रामानुजनगर पुलिस दलबल के साथ पंचवटी पहुंची।

जहाँ हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी फिर से अपने घर चला गया था, जिसे पुलिस ने आसानी से गिरफ़्तार कर लिया, लिहाजा पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है।

## डॉ आशुतोष चतुर्वेदी की कविताओं ने खूब तालियां बटोरी

# दो दिवसीय कोरिया साहित्य महोत्सव का शानदार समापन, आयोजन के दूसरे दिन कवियों ने रंग जमाया

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com





साहित्य ,कला और संस्कृति के क्षेत्र में काम कर रही संस्था अभिव्यक्ति द्वारा आयोजित दो दिवसीय कोरिया साहित्य महोत्सव 'कोसम' का शानदार शानदार समापन हुवा।

बैकुण्ठपुर के जिला पंचायत ऑडिटोरियाम मे चल रहे दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन सत्र का शुभारंभ जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व स्तुति गीत के साथ किया गया। सत्र के प्रारंभ में टीम अभिव्यक्ति के सदस्य संवर्त कुमार रूप की पुस्तक काव्य संग्रह 'रुपहला' का विमोचन मंचस्थ अतिथियों के द्वारा किया गया। इसी दौरान स्थानीय गायक और टीम अभिव्यक्ति के सदस्य आयुष नामदेव के पहले भक्ति एलबम को भी लांच किया गया।

कार्यक्रम के अगले क्रम में रामचरित मानस पर परिचर्चा का आयोजन किया किया, परिचर्चा का संचालन हरिकान्त अग्निहोत्री ने किया। परिचर्चा के दौरान वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्यनारायण मिश्र, मनेन्द्रगढ़ से पत्रकार रामचरित द्विवेदी, पटना से मानस प्रेमी राजेन्द्र सोनी और युवा कवि व विचारक गौरव अग्रवाल ने बेहद शानदार तरीके से वर्तमान समाज मे रामचरित मानस की प्रासंगिकता एवं प्रभु राम के आदर्श आचरण के अनुकरण की आवश्यकता के साथ साथ श्रीराम का विराट व्यक्तित्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। एकल काव्य प्रस्तुति के दौरान जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और कवि डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने अपनी प्रतिनिधि रचनाएं पढ़ी, सहज और सरल भाव से प्रस्तुत कविताओं पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। जिले के प्रमुख पत्रकारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों साथ 'मीडिया और हिंदी' विषय पर परिचर्चा के एक अन्य सत्र पर मीडिया, चुनौती, आस्तित्व और संभावनाओं पर प्रश्न किये गये जिस पर चर्चा में शामिल रामचरित द्विवेदी, सतीश गुप्ता, नीलेश तिवारी, प्रवीन्द सिंह, उत्तम कश्यप व सुनील शर्मा द्वारा मीडिया पर किये हर सवाल का बहुत ही प्रभावी और सकारात्मक जवाब दिया गया। इस कार्यक्रम सरगुजा संभाग तथा आसपास से उपस्थित 45 कवियों द्वारा अपनी अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का बेहद ही आकर्षक तरीके से रचना पाठ किया गया जो देर रात तक चलता रहा और श्रोताओं ने इसका जमकर लुत्फ उठाया ।अभिव्यक्ति संस्था द्वारा आयोजित कोरिया साहित्य महोत्सव में तीन विशेष सम्मानों की घोषणा की गई जिसमें आजीवन साहित्य सेवा के लिए वर्ष 2023 का 'वागीश सम्मान' भोला प्रसाद मिश्रा को, समकालीन श्रेष्ठ रचनाकार हेतु विद्वान सम्मान 2023 शैलेन्द्र श्रीवास्तव को तथा नवोदित साहित्यकार हेतु आरोही सम्मान 2023 संवर्त कुमार रूप को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त साहित्यकारों एवं कलाकरों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) कोण्डागांव संभाग कोण्डागांव

### // तृतीय निविदा आमंत्रण //

क्रमांक 4167/NIT-22/2023-24/वलेलि    कोण्डागांव, दिनांक : 18/09/2023

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से कार्यापालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोण्डागांव संभाग कोण्डागांव के कार्यालय में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क कार्य हेतु लागू दर अनुसूची एवं संशोधन के अनुसार प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत के आधार पर पंजीकृत पावती युक्त या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 25.09.2023 सायं 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03.10.2023 सायं 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 04.10.2023 सायं 11.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) :- 750.00
निविदाकार की श्रेणी :- ई पंजीयन के अंतर्गत ''द'' श्रेणी से ''अ'' श्रेणी तक
कार्य की अवधि :- 01 माह

| एनआईटी क्र./टेण्डर | कार्य का नाम/ No. Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (लाख रू. में) बैंक साल्वेंसी (लाख रू. में) |
|---|---|---|
| 22/ T0095 | PROVIDING AND LAYING ROAD MARKING ON Harvel to Boregaon Road Length 3.50 km द्वितीय आमंत्रण | 2.74<br>2800.00<br>41200.00 |

निविदा प्रपत्र दिनांक 25.09.2023 को अपरान्ह 5:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में निम्न अभिलेखों की छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकेंगे।

1. जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
2. बैंक साल्वेंसी (जारी दिनांक से 12 माह तक वैद्य)
3. विभाग में पंजीयन की छायाप्रति।
4. 100 रू. के गैर न्यायिक स्टाम्प पर शपथ पत्र (Annexure-03)
5. Annexure-02
6. Income Tax Certificate As Per NIT Clause 3.08(a) or (b).
7. प्रस्तुत करने वाले समस्त दस्तावेज नोटरी द्वारा सत्यापित/अभिप्रमाणित करना अनिवार्य होगा।

अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। कोई भी निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) कोण्डागांव
संभाग कोण्डागांव

G-05460/2


# संस्कारधानी में गणपति के अवतार...


बालाजी गणेश उत्सव समिति, स्टेशन पारा



उज्जैन दर्शन क्रांति मंडल, चिखली


दिग्विजय मंडल गणेश उत्सव समिति, ब्राह्मण पारा


आदर्श गणेश उत्सव समिति, दुर्गा चौक


बाल गणेश समिति, दुर्गा चौक

# तहसील दफ्तर के स्थल चयन पर विवाद
# बरसते पानी में सड़क जाम कर बैठ गए ग्रामीण

**तहसील ऑफिस बनने को लेकर छिड़ी बहस**

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ तहसील से अलग होकर हाल ही में बने नवीन तहसील लालबहादुर नगर के तहसील दफ्तर को लेकर विवाद शुरु हो गया है। ग्रामीण तहसील ऑफिस को बाजार चौक में बनाने की मांग पर अड़े हुए है। जबकि प्रशासन ने दूसरी जगह का चयन किया है। इसी मांग को लेकर बुधवार को एलबी नगर के ग्रामीण सड़क पर उतर आएं और बरसतें पानी में प्रदर्शन किया।

बता दें कि लालबहादुर नगर नवीन तहसील भवन स्वीकृत हुआ है। जिसे शासन-प्रशासन द्वारा गांव से बाहर बनाया जा रहा है। जबकि ग्रामीण बाजार चौक के पास ही बनाना चाह रहे हैं। इसके लिए स्कूल की जर्जर हो चुकी बिल्डिंग को डिसमेंटल करा चुके है। यहीं पर तहसील दफ्तर बिल्डिंग की मांग कर रहे है। इसके लिए ग्रामीणों ने पहले ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन प्रशासन ने एक नहीं सुनी और गांव से बाहर बिना सहमति के स्थल चयन करके कार्य शुरू करा दिए। जिसे हाल ही में एक सप्ताह पूर्व ही ग्रामीणों ने बंद करवाया था।

शासन-प्रशासन के मनमानी के चलते ग्रामीणों ने बुधवार को गांव में त्यौहार मनाकर डोंगरगढ़-चिचोला मुख्य मार्ग को तीन घंटे तक बाधित कर दिया। तेज बारिश के बावजूद रोड पर डटे रहे ग्रामीण, पहुंचे अफसर- इसी बीच तेज बारिश भी शुरु हो गई। लेकिन ग्रामीण वहां से नहीं हटे। बल्कि तालपत्री लेकर सड़क पर ही डटे रहे। कुछ देर बाद एसडीएम गिरीश रामटेके, चौकी प्रभारी चिचोला व एलबी नगर के तहसीलदार डिकेश्वर साहू मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ अधिकारियों की काफी देर तक बहस भी हुई। अंत में ग्रामीणों की मांग को जायज मानतेहुए एसडीएम ने बाजार चौक का स्थल निरीक्षण किया। एसडीएम रामटेके ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर यहां पर जांच करवाकर इसी जगह नवीन तहसील भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पुराना कन्या शाला पहले से ही डिस्मेंटल हो चुका है।

### डिसमेंटल होंगे अन्य भवन, लिया निर्णय

स्कूल बिल्डिंग के अलावा जर्जर स्थिति में पड़ी दो अन्य भवन एवं कांजी हाउस इनको डिस्मेंटल किया जाएगा। ऐसा आश्वासन एसडीएम व तहसीलदार के द्वारा दिया गया है। जिसको पूर्ण जांच कर एक सप्ताह में प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने चक्क ाजाम को समाप्त किया।

### सत्ताधारी दल के लोग भी हुए धरना में शामिल

चक्क ाजाम में सत्ता धारी दल कांग्रेस के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। चक्क ाजाम में प्रमुख रूप से ग्राम पटेल हुकुम साहू , जनपद सदस्य पुष्पलता घनश्याम वैष्णव,राजकुमार ताम्रकार ,यज्ञ दत्त साहू , पूर्व सरपंच देवेन्द्र साहू,प्रमोद अग्रवाल, सोमनारायण साहू , लोकेश साहू, नोबेल साहू ,नरेंद्र देवांगन , दीपक अग्रवाल ,संजय अग्रवाल, उत्तम साहू , दीपक साहू के साथ सभी व्यापारी एवं ग्राम लाल बहादुर नगर के सभी पंच बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### नगर पंचायत के लिए प्रशासनिक कवायद शुरु

एलबी नगर ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत बनाने की घोषणा की थी। लेकिन नगर पंचायत के अनुरूप आबादी पर्याप्त नहीं होने से नियम में संशोधन करना पड़ा। विस के संशोधन होने के बाद नगर पंचायत गठन के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया शुरु हो गई है। दावा आपत्ति के बाद गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इधर नगर पंचायत बनने से वार्ड वार परिसीमन होगा। हालांकि अभी सरपंच व उपसरपंच ही प्रथम अध्यक्ष व उपाध्यक्ष होंगे।

# फ्लाई ओवर में खड़ी हुई ट्रक दो घंटे तक लगा रहा जाम




पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बुधवार की सुबह फ्लाई ओवर में गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। दरअसल, सुबह एक ट्रक के बिगड़ जाने और भारी मालवाहक के कतार में होने से यह स्थिति निर्मित हुई। यातायात पुलिस को ट्रेफिक क्लीयर करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। नागपुर से दुर्ग की ओर के लिए फ्लाई से गुजरने वाली वाहनों को सुबह लंबे जाम का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि पहले से ही एक ट्रक तकनीकी खराबी के चलते बीच सड़क पर खड़ी थी। पीछे से आ रही एक माल वाहक में बड़ी मशीनें लदी हुई थी। जिसके दोनों ओर के हिस्से मालवाहक से बाहर निकले हुए थे। सामने खराब हालत में खड़ी ट्रक ने माल वाहक के आगे बढने में मुश्किल खड़ी कर दी। जिसके चलते फ्लाई ओवर में ट्रकों और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई। ट्रैफिक जाम होने की खबर के बाद यातायात के जवान मौके पर पहुंचे। अपनी सूझबूझ से जवानों ने बंद पड़ी ट्रक को आगे बढ़ाया। इसके बाद रास्ता क्लीयर हुआ। यातायात डीएसपी दिलीप सिसोदिया ने बताया कि जवानों की मदद से फ्लाई ओवर में आवागमन को सुगम बनाया गया। वहीं कुछ घंटों के लिए राजनांदगांव-नागपुर रूट से पीछे आ रही ट्रकों को दुर्ग के लिए डायवर्ट किया गया।

## खुटेरी के किसानों ने ट्रांसफर सुधार की मांग लेकर पहुंचे विद्युत कार्यालय

**पटेवा।** राजनांदगांव जिला के ग्राम खुटेरी के कृषि पंम्प ट्रांसफर विगत पन्द्रह दिनों से बंद है , जिसको सुधारने के लिए कई बार कम्पलेन करने के बाद आजतक सुधार नहीं किया गया है । किसानों को अपनी कृषि भूमि में पानी की समस्या हो रहा है उक्त मामले को लेकर खुटेरी किसानों ने ट्रांसफर को अतिशीघ्र सुधार करने आज से दिनांक 21/09/2023 तक सुधार नहीं होने पर विद्युत कार्यालय सोमानी का घेराव किया जाएगा एवं नेशनल हाईवे पर चक्क ा जाम किया जाएगा ।जिसकी पुरी जवाबदारी विद्युत मंडल सोमानी रहेगा । खुटेरी के किसानों ने अपने हस्ताक्षर युक्त आवेदन विद्युत कार्यालय सोमानी, राजनांदगांव प्रस्तुत किया है।

## 21 को फिर प्रदर्शन करेंगे निजी विद्यालय संचालक

**राजनांदगांव।** निजी स्कूल के संचालकों ने आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि की मांग को लेकर 21 सितंबर को फिर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। निजी विद्यालय संघ के बैनर तले यह प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन को लेकर निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया पढ़ाई प्रभावित होगी। पहले भी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन एवं पोला पर्व के दिन निजी स्कूलों में अवकाश घोषित कर निजी स्कूल के संचालकों ने प्रदर्शन किया था। वहीं उनकी मांगों पर आश्वासन नहीं मिलने पर 21 सितंबर से आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी थी। रविवार के बाद स्कूलों में सोमवार को तीजा पर्व एवं मंगलवार को गणेश चतुर्थी का अवकाश दिया गया था। लगातार तीन दिन के अवकाश के बाद कल बुधवार को स्कूल खुलेंगे।

# अलग-अलग प्रकरण के दो स्थायी वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ∢ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



सायबर सेल और गंडई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो स्थायी वारंटियों को पकड़ा गया है। बुधवार को धारा 34(क)(1) आबकारी एक्ट के 08 साल से फरार स्थायी वारंटी मनीराम साकिन रिहरमी (कथरौद) थाना सुहेला जिला बलौदा बाजार एवं धारा 279, 337, 338 भादवि3/181, 130(3)/ 177 एम.व्ही.एक्ट के 12 साल से फरार स्थायी वारंटी प्रकाश दास पिता स्व. प्रेमदास मानिकपुरी साकिन लिमों थाना गंडई को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही ठिकाना बदल कर रह रहे थे। सूचना के आधार पर थाना से टीम तैयार कर मोवा व पण्डरी रायपुर के लिए भेजा गया था जहां से इन्हें पकड़ा गया है।

## 18 हजार कीमत के पौधे के संग आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के गोराटीला के एक ग्रामीण के बाड़ी में पुलिस ने गांजे का पौधा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 3 नग गांजा का पौधा को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है।

# जल्दी करें किसान... 30 सितंबर तक ही होगा धान खरीदी के लिए पंजीयन

- समर्थन मूल्य में खरीदी के लिए सिस्टम हुआ अपग्रेड

पायनियर संवाददाता ∢ मोहला
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के 19 सेवा सहकारी समिति के 25 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी किया जाना है। इस वर्ष धान खरीदी बायोमेट्रिक प्रणाली के तहत् आधार बेस्ड प्रमाणीकरण के द्वारा किया जाना है। इस हेतु शासन द्वारा पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों को धान विक्रय हेतु नॉमिनी के रूप में परिवार के सदस्य का आधार कार्ड समिति में जमा करना अनिवार्य है। यह कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण किया जाना है। नवीन पंजीयन एवं संशोधन के लिये किसानों को आवश्यक दस्तावेज के रूप में ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर, पासबुक की छायाप्रति समिति में जमा किया जाना है। यह कार्य 31 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण किया जायेगा। यदि किसी कारणवश किसान को अपना नॉमिनी एवं उसका आधार नंबर परिवर्तन करना हो तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी या तहसीलदार द्वारा किया जायेगा।

### ट्रस्टेड पर्सन की नियुक्ति की गई

शासन द्वारा किसानों को धान खरीदी में किसी भी किस्म की दिक्क त न हो इसके लिये प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिये एक ट्रस्टेड पर्सन (विश्वसनीय व्यक्ति) की नियुक्ति की गई है। जो किसान या उसके नॉमिनी का बायोमेट्रिक एथेन्टिकेशन न होने पर स्वयं बायोमेट्रिक के द्वारा कृषकों के धान विक्रय में सहयोग प्रदान करेंगे। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण न होने पर अंतिम विकल्प के रूप में कृषक के आधार से लिंक मोबाईल नंबर पर भेजे गये ओटीपी के माध्यम से धान विक्रय किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिये समिति प्रबंधकों को गांव में मुनादी एवं अन्य माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये है।

# प्रयासों को सफलता मिली और खुज्जी विस के गांवों की तरक्की हुई है : छन्नी साहू



पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अलग-अलग गांवों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि-यह विकास का दौर है। इस पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस का एक ही लक्ष्य रहा है तरक्की। ग्रामीण क्षेत्र के ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों को आर्थिक सुरक्षा के साथ ही सशक्त बनाना ही इस तरक्की के रास्ते की पहली प्राथमिकता रही। आज आपकी खुशहाली की वजह सरकार की योजनाएं हैं। विखं अंबागढ़ चौकी के ग्राम हज्जुटोला में विधायक छन्नी साहू ने 6.50 की लागत के सामुदायिक भवनका भूमिपूजन किया। इसी तरह ग्राम हालमकोड़ो व खड़खड़ी में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस दौरान वे ग्रामीणों से भी मिली और आयोजनों के बीच समय निकालकर उनसे चर्चा भी की। निर्माण कार्यों की आधारशीला रखते हुए विधायक छन्नी साहू ने कहा कि-ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार पंचायतों ने प्रस्ताव तैयार किए जिस पर स्वीकृतियां मिली और अब इनका निर्माण शुरु हो रहा है।

## गांव-गांव पहुंचकर नए मतदाताओं का सम्मान किया गया

# विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छीपा, दोड़की और शिवपुरी में जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल ने गांव में बूथ कमेटियों के साथ बैठक तथा घर-घर कांग्रेस के झंडा लगाने कांग्रेस के काम की उपलब्धि वाला पर्ची आम जनता को देकर सरकार की उपलब्धि को बताया। इस अवसर छीपा में पहुंचकर लोधेश्वर महादेव धाम में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वहीं ग्राम शिवपुरी में जैतखाम पर माथा टेका और जहां नए मतदाताओं का सम्मान लोगों से बाजार में जाकर व्यापारी व आम जनता से मुलाकात किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धि को पर्ची के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाय। साथ ही शिवपुरी बाजार के होटल में बैठकर आम जनता के साथ चाय, भजिया का आनंद उठाया। इस अवसर पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मंडी सदस्य फिरंगी पटेल, महामंत्री राजू सिंह राजपूत , पंचराम चंदेल, सेक्टर प्रभारी योधन दास साहू, श्यामसाय टांडेकर, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, विधायक प्रतिनिधि आरती वर्मा, फत्तू वर्मा राजू वर्मा, सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोकुल वर्मा, रोहित वर्मा, नंदू वर्मा, गौतम वर्मा, देवा लहरे,भजनू चंदेल ,ज्योति मेश्राम, चंद्रेश वर्मा, चिंताराम सोने, जयकरण साहू, देवकरण चतुवेदी, श्याम दास कुर्रे, कमल नारायण जांगड़े, मंगेश जांगड़े, घनश्याम साहू, योगेश कुमार, जयकरण साहू, प्रीतम वर्मा, पोमेश कुमार लोधी, संतोष हटिले, किर्तन मंडावी, रुपेश वर्मा, पुखराज साहू,डिगेश्वरी लिल्हारे, विद्यांचल लिल्हारे, दिव्या वर्मा, रेणुका पटेल, उर्वशी वर्मा, पूजा वर्मा, दुर्गा वर्माएवं अन्य ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकास की अनेक संभावनाएं, राजनीतिक उपेक्षा ही शहर के विकास में रोड़ा: वीरेंद्र



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ का विकास राजनैतिक उपेक्षा के चलते काफी पिछड़ गया है। नगर साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में कितना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लेकिन इस विषय को आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं समझ पाया केवल निजी राजनैतिक लाभ रहा। डोंगरगढ़ का चहुंमुखी विकास पूर्ण रूप से कछुए की गति से भी धीरे है। आज डोंगरगढ़ में बाईपास रोड की मांग, पर्यटन संबधी कुटीर एवम लघु उद्योग की स्थापना, डोंगरगढ़ विकास प्राधिकरण की मांग, डोंगरगढ़ में रोजगार के अवसर बढाना, बेहतर स्वास्थ सुविधा, उच्च शिक्षा, नशे से मुक्त शहर आज युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है। क्या ऐसी सोच रखना गलत है क्या हमारे जनप्रतिनिधि को इस विषय में बोध कराना गलत है क्या जिस शहर ने हमे दो वक्त की रोटी दी आज तक हमारे परिवार का पालन पोषण किया उस देवी नगरी के विकास के बारे में सोचना गलत है अध्यक्ष साहू ने कहा कि मेरा उद्देश्य किसी को भी ठेस पहुंचाना नही है। मेरा इतना मानना है आने वाले समय में चुनाव में डोंगरगढ़ के विकास के बारे में सोचे ताकि आने वाली पीढ़ी हम पर फक्र करे न कि अफसोस करे।

# मुरमुंदा की दही हांडी रायपुर की टीम ने लूटी

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के रुर्बन ग्राम मुरमुंदा में श्रीराम भक्त युवा समिति के तत्वाधान में बाजार चौक में भव्य दही हांडी लूट का आयोजन किया गया। समिति के सदस्य जमीद भोयर ने बताया कि शनिवार की रात श्रीकृष्ण, राम भजन किया गया। दूसरे दिन रविवार को दही हांडी लूट आयोजित हुई। ग्राम में काफी समय से गोविंदोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिसे और भी भव्य रूप में श्रीराम भक्त युवा समिति ने आगें बढ़ाया है। समिति के द्वारा दही हांडी लूटने वाली टीम को 23333 रुपए का नगद इनाम दिया गया। जिसे जय मां शीतला ग्रुप रायपुर टिकरा पारा द्वारा लूटी गई। ब्लॉक में डोंगरगढ़ शहर के बाद मुरमुंदा में ऐसा भव्य आयोजन होता है। जिसमें नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से दही हांडी लूटने टोली पहुंची थी। श्रीराम भक्त युवा समिति द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार दिया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कोडापे, अध्यक्षता सरपंच खेमचंद सोरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य सुदर्शन साहू, निमेश सिन्हा, हनुमान भक्त युवा समिति डोंगरगढ़ के हनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, अविनाश शर्मा मंचस्थ रहे।

# शासकीय दावा-यहां डेंगू के मरीज नहीं, हकीकत-जशपुर में तेजी से फैल रहा, कई मरीज रांची, रायपुर के निजी अस्पतालों में भर्ती

## वार्डवासी कह रहें यहां फॉगिंग नहीं हो रही है, नपा के कर्मचारी बता रहें हमने किया है

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बदलते मौसम का प्रभाव तेजी से शरीर पर पड़ता है। मौसमी बुखार से सरकारी और गैरसरकारी सभी अस्पतालों के बेड कमोबेस फुल हो चुके हैं। तबीयत कुछ इस तरह खराब हो रही है कि कोई मलेरिया की चपेट में आ रहा है तो कोई टायफायड की चपेट में आ रहा है। वहीं इन दो तकलीफ देह मच्छर जनित बीमारियों के बाद कुछ लोग तेजी से जानलेवा बीमारी डेंगू के चपेट में भी आ रहे हैं। जशपुर में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से हालात बेकाबू हो चले थे। सामान्य बीमारी से ग्रसित मरीज भी अस्पताल में दम तोड़ रहे हैं। ऐसे में डेंगू जैसे बीमारी से बचने के लिए लोग रांची और रायपुर जैसे शहरों के गैर सरकारी अस्पतालों का सहारा ले रहे हैं। वहीं इस मामले में सबसे चिंता जनक बात यह है कि जिले के मरीजों का इलाज डेंगू की दवा से हो रहा है और जिला स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में यह संख्या शून्य है।

पायनियर पड़ताल





### नपा के भरोसे फॉगिंग

मच्छरों से बचाव के लिए सबसे सार्थक उपाय डीडीटी का छिड़काव माना गया है लेकिन कुछ बदलाव की वजह से नगर पालिका की ओर से अब डीडीटी की जगह उससे मिलता, जुलता कमजोर केमिकल डेल्टामेथरिन का छिड़काव किया जा रहा है। इस केमिकल के छिड़काव में भी वार्डवासियों की शिकायत है कि नपा के कर्मचारी अभी सभी वार्डों में नहीं पहुंच पाए हैं। जबकि नपा के कर्मचारियों का कहना है कि कुछ वार्ड ही शेष बचे हैं। बावजूद इसके बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। 20 से अधिक वार्ड और 50 हजार से अधिक की जनसंख्या में फॉगिंग मशीन के लिए 4 की तैनाती की गई है। वहीं फॉगिंग शेफ्टि के लिए कर्मवारियों को दस्ताना या पीपीई कीट भी नहीं दिया जा रहा है।

### 200 मरीज मलेरिया के मिले

जिला स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2023 से अगस्त 2023 तक जिले में 200 से अधिक मलेरिया के पॉजीटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं 2 लाख हजार लोगों का सैंपल रेकर जांच किया गया है।

### डीडीटी का छिड़काव भी नाकाफी

मलेरिया और डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए डीडीटी का छिड़काव कराया जाता रहा है। इस संबंध में डॉ. लकड़ा ने बताया कि डीडीटी का छिड़काव के नियम में बदलाव किया गया गया है। अब सरकार से उसी स्थान में छिड़काव के लिए अनुमति और फंड दिया जाता है जहां, मलेरिया पॉजिटिव मरीजों की संख्या एक साल में 200 तक पहुंची हो। इसलिए डीडीटी का छिड़काव अस्पताल प्रशासन की ओर से नहीं किया जा रहा है।

### लक्षण डेंगू के मरीज परेशान

जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड और नगर पालिका क्षेत्र के नजदीकी मोहल्लों में कई घरों में डेंगू लक्षण वाले मरीजों की पुष्टि हुई है। इनकी जांच प्राईवेट लैब में हुई है। जांच में डेंगू के प्राथमिक चरण एनएस-1 एंटीजन की पुष्टि मरीजों में हो रही है। इस लक्षण में भी मरीजों के प्लेटिलेट्स कम होने, सिर दर्द, लूज मोशन, तेज बुखार जैसी समस्याएं हो रहीं हैं। मलेरिया के नोडल अधिकारी सीनियर डॉक्टर जीजे लकड़ा के मुताबिक यह डेंगू का सबसे कमजोर स्ट्रेन माना जाता है।

### एलीजा टेस्ट ही माना गया अहम

मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जीजे लकड़ा ने बताया कि डेंगू के आंकड़े हमारे डाटा में शून्य है। वह इसलिए क्योंकि डेंगू के लिए सबसे अहम एलीजा टेस्ट को माना गया है और इस टेस्ट की सुविधा सिर्फ प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में ही है। जिला अस्पतालों में यह सुविधा नहीं होती है, इसलिए यह आंकड़े हमारे पास नहीं होते हैं।

## पथरीली जमीन पर आई दरार से ग्रामीणों में दहशत

कोरबा। कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में एसईसीएल चिरमिरी से संचालित विजय वेस्ट अंडरग्राउंड माइंस के प्रभावित क्षेत्र में फिर से दरार आने से ग्रामीण दहशत में आ गए है। इसके पहले भी दरार आने पर एसईसीएल के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया था। बताया जा रहा हैं की ग्राम बीजाडाड़ से 700 मीटर दूर पथरीली जमीन पर दरार आ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पास में ही हमारी जमीन है। ऐसे में कभी भी दुर्घटना घट सकती है। यह खदान पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में संचालित है। लेकिन इसका संचालन एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र करती है। ग्राम बीजाडाड़ के इंद्रपाल मरावी ने बताया कि इसके आसपास ही किसानों के खेत हैं। कुछ ग्रामीण जंगल में मवेशी भी चरने जाते हैं। जमीन में दरार आने से कभी भी दुर्घटना होने का डर बना रहता हैं। यह क्षेत्र भूकंप प्रभावित भी माना जाता है। इसकी वजह से डर बना हुआ है। पथरीली जमीन की सतह धंसने से गड्ढे में मवेशी गिर सकते हैं। एसईसीएल के उच्च अधीकारियों का कहना है कि खदान में उत्पादन चल रहा है। इससे मिट्टी फॉल होता हैं।

# महाराजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस लोरमी ब्लाक के ग्राम खेकतरा प्लाट में मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



महाराजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस लोरमी ब्लाक के ग्राम खेकतरा प्लाट में मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम शहीद वीर नारायण की प्रतिमा में पूजा अर्चना कर शौर्य बाईक रैली ग्राम ढोलगी से लोरमी नगर में भ्रमण करते हुए बोड़तरा से कार्यक्रम स्थल खेकतरा प्लाट पहुची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी आर ध्रुव थे, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी ध्रुव ने की, वही विशिष्ट अतिथि दयाराम ध्रुव रहे । मुख्य अतिथि ने कहा महाराजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ महान स्वतंत्रता सेनानी थे जो अंग्रेजो के छक्के छुड़ाए, जिसको 15 अगस्त 15 नहनेज को देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है । भले ही आजादी 1947 में मिली लेकिन 1857 की क्रांति में देश को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने का बिगुल बजा दिया गया था. इस आंदोलन में देश के कई राजा-राजकुमारों ने भी अपना योगदान दिया था. जिनके सामने अंग्रेज घुटने टेकने लिए मजबूर हो गए थे. जिन्होंने न केवल अपना बलिदान दिया बल्कि अपने बलिदान से स्वतंत्रता की ऐसी चिंगारी को जन्म दिया जो बाद में अंग्रेजों के लिए आग बन गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जवाहर खुसरो, रामा ध्रुव, देवा मार्को, सूरज कोल भुनेश्वर ध्रुव, अरविंद ध्रुव, शिवकुमार मरावी, योगेश्वर ध्रुव, गनेश्वर मरावी, संदीप मरावी, रामरतन मरावी, महेन्द्र जगत,चंद्रू ध्रुव, संतोष मरावी, रामेश्वर ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, रामनरायण ध्रुव, बितंग ध्रुव, विजय ध्रुव गुड्डू ध्रुव, रमेश कोल,बृजभूषण ध्रुव,दीपक ध्रुव, रामदेव ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव,भागवत ध्रुव, रामवतार मरावी, सुनील मरावी, युवराज मरावी मनहरन ध्रुव, संजय ध्रुव, रामवतार ध्रुव, सुनील ध्रुव, युवराज ध्रुव, लालू ध्रुव, चंद्रकुमार ध्रुव, मुकेश ध्रुव, रंजीत ध्रुव दुर्गेश ध्रुव, खोमेश ध्रुव, शियाराम ध्रुव, दसरू ध्रुव, दूजे ध्रुव, अभय ध्रुव, बिट्टू मरावी, मनीष ध्रुव, दुकालू ध्रुव,श्रवण ध्रुव, प्रदेश ध्रुव, सरजू ध्रुव, लव ध्रुव,धनीराम ध्रुव, विश्वनाथ ध्रुव, संतोष कुरेती,बिजेंद्र ध्रुव,रामकिशुन ध्रुव, राजेश ध्रुव, अंजोर ध्रुव, राहुल ध्रुव, शत्रुहान मरावी, नरेश मरावी, दुर्गेश ध्रुव, सुंदरलाल ध्रुव, महानंद ध्रुव, संभू ध्रुव, तुलसी ध्रुव, राहुल ध्रुव । महिला युवतियों में - सुनीता ध्रुव, सोनिया ध्रुव,सुनंदा ध्रुव, मधु ध्रुव,रानू मरावी, पुष्पा ध्रुव, आशा ध्रुव,दुर्गेश्वरी मरावी,राजेश्वरी मरावी, देविका मरावी,रूही मरावी,नंदरानी ध्रुव, सोनिया ध्रुव तरणी ध्रुव, निशु ध्रुव, कलिंद्री ध्रुव,बालकुवर ध्रुव हीरामणी ध्रुव,कविता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, निकेश्वरी ध्रुव, मेनबाई ध्रुव, शीतल ध्रुव, पूजा ध्रुव, रानी ध्रुव, करुणा ध्रुव, कन्या ध्रुव, अरूण ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, अंजली ध्रुव, मंजू केशर, कलेश्वरी केशर, ईश्वरी मरावी,लक्ष्मी मरकाम,रामेश्वरी मार्को, कविता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, केशर ध्रुव, उषा ध्रुव, ममता ध्रुव, कुमारी ध्रुव,अनिता पोर्ते चंद्रहासिनी ध्रुव, प्रतीमा ध्रुव, रूखमणी ध्रुव, सुहानी ध्रुव, प्रीति ध्रुव, अनुराधा ध्रुव, दामनी ध्रुव,छोटी नेताम, अनामिका ध्रुव, गायत्री मरावी पुर्णिमा मरावी, संध्या मरावी, पुनीता मरावी ,एवं समाज समाज के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में हुआ ओजोन दिवस का आयोजन

- प्रोफेसरों ने ओज़ोन परत के क्षरण से होने वाले नुकसान से बचने के लिए छात्रों को दी व्यापक जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विश्व ओजोन दिवस के मौके पर शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के भूगोल विभाग और रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ओज़ोन परत के क्षरण से होने वाले नुकसान से बचने के लिए छात्रों को दी गई व्यापक जानकारी। छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपने भाषण में ओज़ोन परत के क्षरण एवं उससे ठीक करने के उपाय भी सुझाए। अनुज कुमार चौरसिया ने ईको फ्रेंडली फ्रीज एवं एसी आदि तकनीकों से सी एफ सी जैसे खतरनाक गैसों के उत्सर्जन को कम करने का उपाय सुझाया। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक अम्बिकेश स्वर्णकार ने पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से रोचक तरीके से विधार्थियों को ओज़ोन परत के महत्व, इसके क्षरण से होने वाले नुकसान एवं क्षरण को रोकने के उपाय बताए। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्य निशी एक्का ने विधार्थियों को व्यक्तिगत स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया एवं शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय के विधार्थियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में दर्शन चौहान बीए अंतिम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशी एक्का की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में अनुज कुमार चौरसिया, रीता कुंवर, दीपक यागिक, गणेश यादव, राजेंद्र एक्का, सुनिकिता केरकेट्टा, उत्तम साय पैंकरा एवं रुपसाय पैंकरा उपस्थित थे। अम्बिकेश स्वर्णकार ने मंच का संचालन ने किया।

# कांग्रेस को कोरबा से लीड दिलाने के संकल्प के साथ दर्री क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

प्रदेश की कांग्रेस सरकार और कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल के विकास कार्यों एवं उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर दर्री क्षेत्र के 40 से अधिक युवा शक्ति ने कांग्रेस प्रवेश कर राजस्व मंत्री के सामने कांग्रेस को कोरबा में फिर लीड दिलाने का संकल्प लिया। नगर पालिक निगम कोरबा के पूर्व सभापति एवं आदिवासी नेता धुरपाल सिंह कंवर एवं कंचन राव के नेतृत्व में कोरबा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को लीड दिलाने के लिए बेहतर कार्य करने का वचन देते हुए विधिवत कांग्रेस प्रवेश किया। कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल से मिलकर दर्री क्षेत्र के सक्रिय युवाओं विधिवत कांग्रेस की सदस्यता की इच्छा जाहिर की। विधायक के सरकारी आवास में उनकी उपस्थिति में कोरबा कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने सभी युवाओं को कांग्रेस की विधिवत सदस्यता दिलाई और कांग्रेस का गमछा पहनाकर तथा मुँह मीठा कर कांग्रेस में उनका स्वागत किया। कांग्रेस की विधिवत सदस्यता लेने के बाद युवाओं ने कहा कि इस बार कांग्रेस को पिछली बार से अधिक लीड दिलायेंगे और कोरबा से जयसिंह अग्रवाल को पुनः प्रतिनिधि चुनेंगे, ताकि कोरबा के विकास को नया आयाम मिल सकें और विकसित तथा सुंदर कोरबा का सपना साकार हो सकें।

# दुष्कर्म एवं अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के लोरमी ब्लाक में महिला के साथ दुष्कर्म एवं अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी बबलू टंडन को लोरमी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना लोरमी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 सितंबर की रात्रि लगभग 12 बजे वह अपने घर के बरामदे में सो रही थी, उसी समय पड़ोसी बबलू टंडन उसके शरीर के साथ छेड़खानी करने लगा एवं मना करने पर जबरन दुष्कर्म एवं अप्राकृतिक कृत्य किया है तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया है कि रिपोर्ट पर थाना लोरमी में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 328/2023 धारा 376, 377 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी का पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना पर लोरमी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी बबलू टंडन को 24 घंटे के भीतर ग्राम गोड़खाम्ही, बेड़ापारा, घोरबंधा के खार में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मण्डावी, प्रधान आरक्षक नरेश यादव, दिलीप साहू, आरक्षक अरूण साहू, रवि डाहिरे, नागेश साहू, जितेन्द्र ठाकुर, अश्वनी टंडन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एम्बुलेंस सेवा 108 और 102 के कर्मचारी हड़ताल पर ठेका कंपनी जय अम्बे पर लगाया दर्जनों लिखित आरोप

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



संजीवनी एम्बुलेंस सेवा और महतारी 102 के पायलट और टेक्नीशियन सभी वेतन वेसंगति और ठेका कंपनी की मनमानी को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। यह हड़ताल प्रदेशस्तर पर जारी है। जशपुर में भी इसका व्यापक प्रभाव देखा रहा है। डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ का हड़ताल समाप्त होने के बाद एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने एक बार फिर से स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका व्यापक असर पड़ने की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप -** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे पत्र में कर्मचारियों ने लिखा कि एंबुलेंस सेवा प्रदाता ठेका कंपनियों सहित स्वास्थ्य विभाग एवं शासन-प्रशासन के समक्ष विगत कई वर्षों से करते आ रहे हैं। लेकिन हमारी समस्याओं का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। इन समस्याओं के सकारात्मक पहल के लिए विगत 29/05/2023 से 31/05/2023 तक सभी कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर कार्य किया गया और दिनांक-02/06/2023 को तूता, नया रायपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया गया। 09/06/2023 को एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया गया था। लेकिन हमारे मांगों के संदर्भ में ठेका कंपनियों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज तक किसी भी प्रकार का कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है।

2019 में 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा का टेंडर जय अंबे इमरजेंसी सर्विस रायपुर को दे दिया गया, जो कोल परिवहन का कार्य करती है। उक्त ठेका कंपनी पर गलत तथ्यों के आधार पर ठेका पाने का आरोप लगा था, मामला ईओडब्ल्यू तक पहुंचा। स्वास्थ्य विभाग भी जांच में गलत तथ्यों की पुष्टि की लेकिन आज तक उक्त ठेका कंपनी पर किसी भी प्रकार का कोई कार्यवाही नहीं होना, ठेका कंपनी पर जिम्मेदार लोगों का संरक्ष और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। जय अंबे इमरजेंसी सर्विस ठेका कंपनी द्वारा न तो कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलता है और नहीं **2018 से 2023 तक वेतन वृद्धि का लाभ**-मिला है। कर्मचारियों से 12-15 घंटे काम दिया जा रहा है और किसी भी प्रकार का अतिरिक्त राशि नहीं दिया जा रहा। एंबुलेंस में जीवन रक्षक आवश्यक उपकरण, दवाइयां एवं ऑक्सीजन की भी व्यवस्था नहीं रहती। टेंडर में उल्लेख है कि 2.5 लाख किलोमीटर स ̀किलोमीटर चल जाने पर नई एंबुलेंस से सेवा का संचालन किया जाएगा लेकिन 2.5 लाख किलोमीटर से अधिक चलने के बाद भी एंबुलेंस सड़कों पर दौड़ रही है। एंबुलेंस का निर्धारण 8 से 10 हजार किलोमीटर चलने पर भी सर्विसिंग नहीं होता 20-25 हजार किलोमीटर चलने पर सर्विसिंग कराया जाता है जिससे एंबुलेंस समय पूर्व जर्जर हो चुकी है। एंबुलेंस खराब होने पर कर्मचारियों से भी राशि वसूल की जाती है। कर्मचारियों को अकारण रायपुर बुलाकर परेशान किया जाता है।





# महिला समृद्धि सम्मेलन

**21 सितम्बर, 2023 | जयंती स्टेडियम, भिलाई**


## बराबरी और भागीदारी
## महिला सशक्तीकरण की निभाई जिम्मेदारी

- महिला स्व-सहायता समूहों का 12.77 करोड़ रु का ऋण माफ
- महिला उद्यमियों को व्यापार/उद्यम हेतु 10-50 लाख रु तक की आर्थिक सहायता व अन्य विशेष अनुदान
- राज्य महिला आयोग मद में 5 गुना वृद्धि
- जिला खनिज न्यास मद (DMF) के नीति निर्माण में महिलाओं को ग्राम सभाओं में 50% आरक्षण
- बिहान के अंतर्गत 20 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 1.85 लाख महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया

**लैंगिक समानता में देश का अग्रणी राज्य**
(एसडीजी सूचकांक 2020-21, नीति आयोग)

**देश में महिला-पुरुष लिंगानुपात में अव्वल**

Samvad- 38565/37



**श्री भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403